RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-346 जयपुर, मंगलवार, 16 जून 2026 मूल्य-4 रुपये

## पीएम मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मानः दोनों देशों के बीच 11 समझौते हुए

# टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ

नई दिल्ली/ब्रातिस्लावा





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से नवाजा गया है। राजधानी ब्रातिस्लावा में उन्हें सम्मानित किया गया। पीएम मोदी यहां दो दिन के दौरे पर आए थे। सम्मान मिलने पर पीएम मोदी ने ङ्ग पोस्ट में लिखा - वह इसके लिए स्लोवाकिया की सरकार और वहां के लोगों के आभारी हैं। यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है और इसे भारत-स्लोवाकिया की मजबूत एवं स्थायी दोस्ती को समर्पित करते हैं।

इससे पहले मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया।

भारत और स्लोवाकिया ने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' (कॉम्प्रिहेंसिव पार्टनरशिप) के स्तर तक अपग्रेड करने का फैसला किया। दोनों देशों के बीच प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला। मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया-ईयू, एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे। मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर इंडिया चेयर स्थापित की जा रही है। एआई मानवता की सेवा और प्रगति का सशक्त माध्यम बने, यही हमारी साचा सोच है। हमारा मानना है कि एआई का भविष्य केवल इनोवेशन से नहीं बल्कि ट्रस्ट, रिस्पॉन्सिबिलिटी और ह्यूमन डिग्निटी पर आधारित होना चाहिए।

### सिविल न्यूक्लियर एनर्जी मुख्य प्राथमिकता का क्षेत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी भी दोनों देशों के लिए मुख्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। हमने इस क्षेत्र में दोनों देशों की इंडस्ट्रीज और एक्सपर्ट्स के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। रक्षा सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और स्ट्रेटेजिक कन्वर्जेंस का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आज हमने 'लेटर ऑफ इंटेंट' साइन किया। इससे साझा विकास, साझा उत्पादन और डिफेंस इंडस्ट्रीज के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी।

### रॉबर्ट फिको ने पीएम मोदी को लंबे कार्यकाल के लिए दी बधाई

रॉबर्ट फिको ने कहा, मैं बहुत सम्मान के साथ भारत के स्वतंत्र नज़रिए और रुख का पालन करता हूं और स्लोवाक गणराज्य के प्रधानमंत्री के तौर पर मैं स्लोवाकिया की एक ऐसी स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता हूं जो चारों दिशाओं पर केंद्रित है। मैं बहुत सम्मान के साथ देखता हूं कि अंतरराष्ट्रीय कानून आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। रॉबर्ट फिको ने कहा, आज हमने प्रधानमंत्री के साथ भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग को 'व्यापक और रणनीतिक सहयोग' का दर्जा देने पर सहमति जताई है। रॉबर्ट फिको ने कहा, मैं आपको इस बात के लिए बधाई देता हूं कि आप भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री हैं, क्योंकि इतने मुश्किल माहौल में और इतनी सारी राजनीतिक पार्टियों वाले व्यापक परिवेश में लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा है।

## जयपुर में सीजेपी के फाउंडर अभिजीत को थप्पड़ मारे



### प्रदर्शनकारियों ने युवक को पीटा, कई फोन चोरी

जयपुर

जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारे गए हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने थप्पड़ मारने वाले युवक को पकड़कर पीट दिया।

अभिजीत नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं। प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग शहीद स्मारक पर जुटे थे।

इससे पहले यहां नारेबाजी करते समय युवक आपस में भिड़ गए। इस पर पुलिस ने एक युवक को कस्टडी में ले लिया। धरनास्थल से कई प्रदर्शनकारियों के मोबाइल चोरी हो गए। इसके बाद मंच से लोगों को अपने मोबाइल सुरक्षित रखने के लिए कहा गया।

**पुलिस ने थप्पड़ मारने वाले युवक को हिरासत में लिया**

सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके के शहीद स्मारक पर पहुंचते ही युवकों में हाथापाई हो गई। दीपके को कंधे पर उठाकर अंदर लेकर जाया जा रहा था। इस दौरान भीड़ में शामिल एक युवक ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। ष्टछ्वक्क के सदस्यों ने भी युवक की पिटाई कर दी। थप्पड़ मारने वाले को पुलिस पकड़कर ले गई है।

## प. बंगाल में भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणामः सीएम भजनलाल

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प. बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक सफलता कार्यकर्ताओं के परिश्रम, संगठन के प्रति समर्पण व जनसेवा की भावना का परिणाम है। लोकतंत्र में कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं और उनकी मेहनत ही जनता का विश्वास अर्जित करती है।

सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर प. बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग एजेंटों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने प. बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं के संघर्ष, जज्बे और संगठनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया सुशासन, विकास और जनहित की नीतियों के प्रति जनता का समर्थन आगे भी बढ़ता रहेगा।

इस अवसर पर राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि चुनावी विजय के लिए राजस्थान के प्रमुख आस्था केंद्र सालासर बालाजी मंदिर व खाटूश्याम मदिर में मन्नत मांगी गई थी। चुनाव में सफलता मिलने के बाद भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता और काउंटिंग एजेंट राजस्थान पहुंचे व दोनों धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन कर मन्नत पूर्ण की।

## मैसूर के रेस्टो-पब में आग, 2 की मौत

मैसूर

कर्नाटक के मैसूर में सोमवार को एक रेस्टो-पब में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। मरने वालों में दार्जिलिंग के 26 साल के शाहीन और नेपाल के रहने वाले 24 साल के प्रकाश हैं। सात लोगों को बचा लिया गया। अस्पताल में जिन लोगों का इलाज चल रहा है, उनमें ग्राहक सोनू, रमेश, महादेव प्रसाद, प्रज्वल, अविनाश और पब के मालिक प्रीतम पुमीत शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक दत्तगल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास फॉक्स डेन लिकर गैराज बार और रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। घटना के समय पब में 25 से ज्यादा लोग थे।

## डंपर-कार में भिड़ंत, पति-पत्नी सहित 6 की मौत

बीकानेर



बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में डंपर और कार की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है। हादसा श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में होटल नजद सिजराल के पास नेशनल हाईवे-11 पर दोपहर करीब 1:35 बजे हुआ। एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गए। श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक के अनुसार, हरियाणा नंबर की कार में कुल सात लोग सवार थे। इनमें से 6 लोगों की मौत हो गई। कार ड्राइव कर रहे ओमप्रकाश (50) पुत्र भागीरथ बिश्नोई, उनकी पत्नी सोरमा देवी( 45) और बेटी प्रमिला (3) के अलावा रोनित (4) पुत्र सुरेंद्र कुमार, यशवी (10) पुत्री अमित और खुशी (8) पुत्री संदीप की मौत हुई है।

हादसे में तनवी (2) पुत्री संदीप को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड में रेफर किया गया है। सभी मृतक हरियाणा के फतेहाबाद के रहने वाले थे।

जानकारी के अनुसार, डंपर श्रीडूंगरगढ़ से बीकानेर जा रहा था, वहीं कार बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ की तरफ आ रही थी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से कार सवार लोगों की बॉडी बाहर निकाली। घायल बच्ची को श्रीडूंगरगढ़ सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं सभी शव श्रीडूंगरगढ़ सीएचसी में रखवाए गए। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### 3 बार पलटी बोलेरो, 5 की मौत, 2 घायल

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में सोमवार शाम तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे 3 बार पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में पति-पत्नी और 8 साल बच्चा भी शामिल है। हादसा मटकुली-पिपरिया मार्ग पर हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान नर्मदापुरम के बंजारा ड्रीम निवासी प्रदीप धुर्वे (48), पत्नी ज्योति धुर्वे, बेटा अक्षत धुर्वे (8), समनापुर निवासी पंचम ठाकुर (55) और झिरपा करेर निवासी कुलदीप ठाकुर (40) शामिल हैं। तामिया से होशंगाबाद जा रहे थे।

## ट्रम्प बोले- ईरान से समझौता साइन हो चुका, शुक्रवार तक हॉर्मुज पूरी तरह खुल जाएगा

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता पूरी तरह साइन हो चुका है। जी7 समिट के लिए फ्रांस पहुंचे ट्रम्प ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत में कहा कि हॉर्मुज स्ट्रेट आंशिक रूप से खुल चुका है और शुक्रवार तक पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी रही, लेकिन बीच में अमेरिका को दो रात सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'हमारी ईरान के साथ बहुत अच्छी बन रही थी। मुझे दुख हुआ कि हमें दो रात के लिए वापस जाकर हमला करना पड़ा।

उधर, रॉयटर्स के मुताबिक एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ समझौते पर डिजिटिल साइन कर चुके हैं।

अधिकारी ने कहा कि समझौते का पूरा ब्योरा अगले 24-48 घंटे में जारी किया जाएगा, जबकि सप्ताह के अंत में तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू होगी।

## चूरू में रेत का बवंडर, श्रीगंगानगर में बारिश

जयपुर



राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश का दौर जारी है। श्रीगंगानगर में सोमवार सुबह मौसम बदला। बादल छाए और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चली। दिन में अंधेरा छा गया। इसकी वजह से गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ी। इस दौरान बूंदाबांदी भी हुई। चूरू के सरदारशहर में रेत का बवंडर आया।

जयपुर, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में रविवार दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव हुआ था और करीब एक इंच तक बारिश हुई थी। जयपुर, अलवर, दौसा और टोंक समेत कई जिलों में बारिश से पहले तेज आंधी भी चली। फलोदी सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के इस बदलाव से पूर्वी राजस्थान के साथ-साथ पश्चिमी जिलों में भी लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पश्चिमी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

### सैटेलाइट तस्वीरों में नहीं दिख रहे मानसूनी बादल

भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून यानी सोमवार की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64% की कमी दर्ज की गई है। मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है।

## नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

### लाखों रुपए वसूले, राजस्थान-बिहार से 3 आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने नीट-यूजी के री-एग्जाम से पहले ऑनलाइन पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने राजस्थान और बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर 21 जून को होने वाले नीट री-एग्जाम और अन्य परीक्षाओं के पेपर दिलाने का झांसा देकर 1000 से ज्यादा स्टूडेंट्स और पेरेंट्स से लाखों रुपये वसूलने का आरोप है।

राजस्थान से गिरफ्तार आरोपी सुमेर सिंह मीना और आकाश मीना टेलीग्राम चैनलों और वेबसाइटों के जरिए पेपर दिलाने का दावा करते थे। इसके बदले छात्रों से 15 हजार से 80 हजार रुपए तक वसूले जाते थे।

वहीं बिहार से गिरफ्तार आरोपी नवीन यादव एग्जाम फीस रिफंड के नाम पर ठगी कर रहा था। वह स्टूडेंट्स की लॉगिन जानकारी का इस्तेमाल कर उनके अकाउंट का पासवर्ड बदल देता था।

## टीएमसी के 20 सांसदों का एनसीपीआई में विलय, एनडीए को करेंगे समर्थन

### 3 साल पहले पति-पत्नी ने यह पार्टी बनाई थी

कोलकाता/नई दिल्ली



तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी। पार्टी के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। पत्नी शेउली का नाम कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज है। एनसीपीआई अध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी।

हावड़ा में एनसीपीआई का ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। वहीं उनकी पत्नी शेउली को कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील बताया गया है।

एनसीपीआई का रजिस्टर्ड पता पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बानीपुर इलाके में है। पार्टी ने 2023 में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में चार उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उसके उम्मीदवार या तो NOTA से पीछे रहे या फिर उससे थोड़ा ज्यादा वोट हासिल कर पाए।

पार्टी को कुल मिलाकर लगभग 1,198 वोट मिले थे। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार पार्टी को कुल 1.13 लाख रूपए का चंदा मिला था। एनसीपीआई के चुनावी पोस्टरों में नारा था- अपने अधिकारों को बचाने के लिए दलबदलुओं को नकारें।

### बागी सांसद बोले- एनडीए के साथ काम करेंगे

टीएमसी के 28 में से 20 लोकसभा सांसदों ने रविवार को त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी (एनसीपीआई) में विलय की घोषणा की। बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की।

लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि टीएमसी के दो-तिहाई लोकसभा सांसदों ने अलग गुट के रूप में मान्यता देने के लिए पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा- हम पीएम मोदी के नेतृत्व में ह्य के साथ काम करेंगे।

बिरला से टीएमसी के बागी सांसदों की मुलाकात की जो फोटो सामने आई है, उसमें 17 टीएमसी सांसद दिख रहे हैं। स्पीकर से मुलाकात से पहले सांसदों ने बंगाल भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की थी।

### टीएमसी में टूट का संसद पर असर

तृणमूल कांग्रेस में टूट से संसद के दोनों सदनों में NDA को फायदा हो सकता है। TMC के बागी सांसदों और राज्यसभा चुनाव से NDA राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत के करीब पहुंच सकता है।

हालांकि लोकसभा में बागी सांसदों का समर्थन मिलने के बाद भी गठबंधन इस आंकड़े से काफी दूर रहेगा। अभी अलायंस राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत से 16 सीट दूर है। वहीं, लोकसभा में 66 सीटें पीछे है।

## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का टेस्ट कामयाब

### डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती है, 1000 किमी दूर टारगेट हिट

चांदीपुर

भारत ने लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की अपनी क्षमता को और मजबूत करते हुए स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल की सफल टेस्टिंग की है। LRLACM ऐसी क्रूज मिसाइल है, जिसे लंबी दूरी के जमीनी लक्ष्यों पर सटीक हमला करने के लिए बनाया जाता है। यानी यह 1000 किमी दूर बने दुश्मन के ठिकानों पर भी अटैक कर सकती है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जिसमें मिसाइल ने अपने सभी टारगेट हासिल किए।



LRLACM पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित की गई मिसाइल है। इसके सब-सिस्टम DRDO की लैब और भारतीय साझेदारों ने डेवलप किए हैं। बेंगलुरु में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (ADE) इस प्रोजेक्ट की नोडल लैब है।

डीप स्ट्राइक का मतलब है दुश्मन की सीमा के काफी अंदर मौजूद सैन्य ठिकानों जैसे एयरबेस, मिसाइल लॉन्च साइट, रडार स्टेशन, मिलिट्री हेडक्वॉर्टर, कमांड-कंट्रोल सेंटर पर दूर से सटीक हमला करने की क्षमता।

मान लीजिए यदि कोई मिसाइल भारत की सीमा से लॉन्च होकर दुश्मन के इलाके में 800 किमी दूर बने एयरबेस को सटीक निशाना बनाती है, तो इसे डीप स्ट्राइक क्षमता कहा जाएगा।

## कन्नूर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

कन्नूर(एजेंसी)। केरल के कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गईं। हालांकि, हवाई अड्डे और संबंधित विमानों की व्यापक जांच के बाद यह धमकी पूरी तरह झूठी साबित हुई। मामले में मट्टनूर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर एयरपोर्ट प्रशासन और दो विमानन कंपनियों की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया था कि हवाई अड्डे पर विस्फोटक लगाए गए हैं और जल्द ही बम विस्फोट किया जाएगा। धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों, बम निरोधक दस्ते और पुलिस ने तत्काल सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया। पूरे हवाई अड्डे परिसर, टर्मिनल भवनों और संबंधित विमानों की गहन तलाशी ली गई। कई घंटों तक चली जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने धमकी को फर्जी घोषित कर दिया। एयरपोर्ट के सहायक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और केरला पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरा ईमेल एक जीमेल अकाउंट से भेजा गया था। ईमेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने के लिए साइबर जांच शुरू कर दी गई है।

## कक्षा 6 से 9 तक संस्कृत अनिवार्य, तीसरी भाषा का विकल्प

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई शिक्षा व्यवस्था के तहत कक्षा 6 से 9 तक संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को संस्कृत को तीसरी भाषा के रूप में चुनने का विकल्प भी दिया जाएगा। शिक्षा विभाग का कहना है, इस निर्णय का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और भाषाई विरासत से छात्रों को जोड़ना है। संस्कृत के अध्ययन से भाषा कौशल, व्याकरण की समझ और प्राचीन साहित्य के प्रति रुचि विकसित होगी। इस निर्णय का विभिन्न शिक्षाविदों ने स्वागत किया है. जबकि कुछ विशेषज्ञों ने विद्यालयों में पर्याप्त संस्कृत शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर जोर दिया है। देश के विद्यालयों में संस्कृत के शिक्षकों की भारी कमी है.ऐसी स्थिति में संस्कृत की पढ़ाई कैसे हो सकेगी

## वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर बवाल केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या 50 फ़ीसदी से ज्यादा घटी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर में इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक कम रही है। पर्यटन और तीर्थाटन से जुड़े कारोबारियों का कहना है, कम संख्या का असर स्थानीय अर्थ व्यवस्था पर पड़ रहा है। मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर भी विवाद समय-समय पर देखने को मिला है। कई श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया है, सामान्य दर्शनार्थियों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है. जबकि वीआईपी आगंतुकों को विशेष सुविधा दी जाती है। इस व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस तेज हो गई है। मंदिर प्रशासन और राज्य सरकार का कहना है, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं. तीर्थयात्रियों की घटती संख्या और वीआईपी दर्शन को लेकर उठ रहे सवालों ने केदारनाथ यात्रा प्रबंधन पर नई चर्चा शुरू कर दी है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए बस किराया 18 फीसदी बढ़ा, प्रदेश परिवहन निगम चलाएगा 200 बसें

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में 3 जुलाई से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा के लिए भक्तों को इस बार जेकेआरटीसी की बस सेवा के लिए 18 प्रतिशत अधिक किराया चुकाना होगा। केंद्र शासित प्रदेश परिवहन निगम (जेकेआरटीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लगभग 200 बसें चलाने की घोषणा की है। ये बसें जम्मू, भगवती नगर, पहलगाम और बालटाल जैसे प्रमुख रूटों पर संचालित होंगी, जिनका मुख्य लक्ष्य शिवभक्तों को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करना है। जेकेआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक बसों की व्यवस्था की जा रही है, जिनमें बेहतर बैठने की सुविधा और पुख्ता सुरक्षा इंतजाम शामिल हैं। हालांकि कारपोरेशन के एक अ?धिकारी ने इस बार बस किराए में हुई 18 फीसदी बढ़ोतरी की पुष्टि की है, जिससे यह धार्मिक यात्रा श्रद्धालुओं के लिए थोड़ी महंगी साबित होगी। प्रशासन द्वारा भी यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।


## एलपीजी धमाकों से दहला रेस्टोरेंट, डीएफएस ने बुजुर्ग महिला की जान बचाई

### - दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा, तीन व्यावसायिक सिलेंडर फटे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली के कालकाजी इलाके में रविवार सुबह पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयानक थी कि तीन बड़े व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर धमाके के साथ फट गए, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। हालांकि, दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) की तत्परता से न केवल आग पर काबू पाया गया, बल्कि एक बहुमंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर फंसी एक बुजुर्ग महिला को भी मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। डीएफएस के अनुसार र?विवार सुबह करीब 4-45 बजे कालकाजी-गोविंद पुरी फ्लाईओवर के पास स्थित पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट में आग की सूचना मिली। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह इकाइयों को भेजा, जिसे बाद में बढ़ाकर कुल नौ कर दिया गया। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर यशवंत और सरबजीत के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने करीब 5-40 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और सुबह 5-45 बजे स्टॉप मैसेज जारी किया। बेसमेंट से लेकर तीसरी मंजिल तक फैली इस आग ने इमारत को खासा नुकसान पहुंचाया। ऑपरेशन के दौरान तीन व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर फटने से आग और विकराल हो गई थी, जिससे चुनौतियां बढ़ गईं। आग पर काबू पाने के बाद दोबारा भड़कने से रोकने के लिए घंटों कूलिंग ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल, आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस व दमकल विभाग शॉर्ट सर्किट या गैस लीकेज के एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं।

# हम हिटलर जैसे नहीं, बातचीत के रास्ते खुले रहने चाहिए

### -दत्तात्रेय होसबाले के पाकिस्तान से संवाद बयान पर बोले मोहन भागवत



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पाकिस्तान के साथ संवाद बनाए रखने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के बयान का बचाव किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि होसबाले की टिप्पणी पाकिस्तान सरकार नहीं, बल्कि वहां के लोगों के संदर्भ में थी। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संबंध में संघ केंद्र सरकार की विदेश नीति का ही अनुसरण करता है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि पाकिस्तान में आज भी ऐसे अनेक लोग हैं जो मानते हैं कि भारत का विभाजन एक ऐतिहासिक भूल थी। उन्होंने दावा किया कि वहां कुछ पत्रकार और बुद्धिजीवी भी हैं जो आरएसएस के कार्यों की सराहना करते हैं तथा दो-राष्ट्र सिद्धांत का विरोध करते हैं। भागवत ने कहा कि पाकिस्तान में ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो मानते हैं कि दोनों देशों का साथ रहना अधिक बेहतर होता। ऐसे लोगों के साथ संवाद और संपर्क के रास्ते पूरी तरह बंद नहीं किए जाने चाहिए।

#### युद्ध के बाद भी समाधान के लिए संवाद जरूरी

संघ प्रमुख ने कहा कि यदि भविष्य में किसी युद्ध की स्थिति में भारत पाकिस्तान पर निर्णायक बढ़त हासिल करता है, तब भी वहां के लोगों के भविष्य को लेकर कोई न कोई समाधान तलाशना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में या तो उन्हें भारत के साथ जोड़ना होगा अथवा उन्हें शांतिपूर्ण जीवन जीने योग्य परिस्थितियां उपलब्ध करानी होंगी। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा, 'हम हिटलर जैसे नहीं हैं। यह हमारा स्वभाव नहीं है। इसलिए बातचीत और समाधान का कोई रास्ता खुला रहना चाहिए। अन्याय और अत्याचार का अंत होना चाहिए, लेकिन जो सकारात्मक है, उसे भी संरक्षित रखना आवश्यक है।'

#### होसबाले के बयान पर हुआ था विवाद

दरअसल, हाल ही में दत्तात्रेय होसबाले ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के सभी विकल्प पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस छिड़ गई थी। अब मोहन भागवत ने इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि होसबाले के बयान को गलत संदर्भ में देखा गया। उनके अनुसार, टिप्पणी का आशय पाकिस्तान की जनता और वहां मौजूद सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से था, न कि पाकिस्तान की राज्य व्यवस्था या सरकार से।

#### आरएसएस की अलग विदेश नीति नहीं

भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि आरएसएस की किसी भी देश के संबंध में स्वतंत्र विदेश नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति तय करना सरकार का अधिकार और दायित्व है तथा संघ पड़ोसी देशों के मामलों में केंद्र सरकार के दृष्टिकोण का सम्मान करता है और उसी का पालन करता है।

## अभिषेक मेरे बेटे जैसा, पिता का काम होता है गलतियों को माफ करना : कल्याण बनर्जी



कोलकाता (एजेंसी)। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि अभिषेक बनर्जी मेरे बेटे जैसा है और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का काम होता है। इससे पहले उन्होंने 11 जून को कहा था कि ममता बनर्जी को मुझे या अभिषेक में से किसी एक को चुनना होगा। बता दें गुरुवार को अभिषेक ने फर्जी साइन मामले में अपना वकील बदल लिया था। पहले कल्याण इस मामले में अभिषेक के वकील थे। इसके बाद कल्याण ने कहा था कि अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वे बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कल्याण बनर्जी मुझसे बड़े हैं। उन्हें अपने विचार व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने मुझे बचपन से देखा है, इसलिए मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं बोलूंगा। कल्याण ने टीएमसी में हो रही टूट पर कहा कि बागियों बीजेपी की शरण में ही जाना होगा। उन्होंने कहा कि यह सब एक चाल है। ये लोग अपने क्षेत्रों के विकास का बहाना बनाते हैं, लेकिन जो लोग अपने क्षेत्र में जा तक नहीं सकते, वे क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। सीएम शुभेंदु अधिकारी से बातचीत के बाद भी पिछले एक महीने में क्या विकास हुआ है? बीजेपी और पुलिस हमें परेशान कर रही है। पश्चिम बंगाल में किसी भी विपक्ष ने कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया है, जैसी हम कर रहे हैं। कल्याण बनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के आपस में विलय की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि हम कांग्रेस के साथ कोई विलय नहीं कर रहे हैं।

## एआईएडीएमके को झटका, अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविण मुनेत्र कजगम को एक और राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी की डिप्टी प्रोपेगैंडा सेक्रेटरी और अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

गौतमी ने एआईएडीएमके महासचिव एडप्पडी के पलानिस्वामी को भेजे अपने इस्तीफा पत्र में कहा कि वह 14 जून से पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त हो रही हैं। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि वह समाज सेवा के क्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान देना चाहती हैं और इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।

#### 2024 में एआईएडीएमके में हुई थीं शामिल

गौरतलब है कि गौतमी तडिमल्ला ने अक्टूबर 2023 में भाजपा से इस्तीफा देने के बाद 14 फरवरी 2024 को एआईएडीएमके का दामन थामा था। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में राजापालयम सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और टिकट की मांग भी की थी। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिकट नहीं मिलने से उनकी नाराजगी बढ़ी और यह भी उनके इस्तीफे के पीछे एक प्रमुख कारण हो सकता है।

#### एआईएडीएमके के लिए बढ़ती चुनौती

गौतमी का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब एआईएडीएमके के कई नेता और पदाधिकारी अन्य राजनीतिक दलों, विशेषकर सत्तारूढ़ दलों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में एक लोकप्रिय अभिनेत्री और प्रमुख महिला नेता का पार्टी छोड़ना संगठन के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## कोई दोस्त या रणनीतिक साझेदार इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है?

### -शशि थरूर तीन भारतीय नाविकों की मौत पर अमेरिका के बयान पर भड़के

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के रिश्ते अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन भारतीयों की मौत हो गई है। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने डिमार्श जारी कर अमेरिका के सामने विरोध दर्ज करवाया, लेकिन अब विदेश मंत्री जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष की लेकर वाशिंगटन से जो बयान जारी किया है उसने दिल्ली में सभी के कान खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी अमेरिका के इस बयान को असंवेदनशील बताया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान को रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता थरूर ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा- अमेरिका का यह आधिकारिक बयान पढ़कर गहरा झटका लगा है। इसमें निर्दोष भारतीयों की मौत पर बिलकुल भी खेद या संवेदना व्यक्त नहीं की गई है। कोई मित्र या रणनीतिक साझेदार इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अमेरिकी नेवी के पास जहाज को रोकने के लिए कोई और तरीका नहीं था? क्या जहाज पर मिसाइल से हमला करना जरूरी था?

उन्होंने लिखा- होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी नेवी की नाकेबंदी को न मानने वाले व्यापारिक जहाज को गैर घातक हथियार से नहीं रोका जा सकता था? क्या किसी जहाज को मिसाइल मारे बिना रोकना संभव नहीं है? देखा जाए तो उस क्षेत्र में तैर रहे हर व्यापारिक जहाज पर भारतीय क्रू मेंबर मौजूद हैं। तो क्या उन पर हमला करना अमेरिका के लिए सही है। मुझे उम्मीद है यही सवाल जयशंकर ने भी रुबियो के सामने उठाए होंगे। थरूर के अलावा कई बड़े नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने भी अमेरिकी की तरफ से इस तरह के रवैये पर सवाल उठाए हैं।

होर्मुज स्ट्रेट के पास पलाउ के झंडे वाले जहाज पर हुए हमले और उसमें तीन भारतीयों की मौत के बाद दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए थे। इस घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक को डिमार्श जारी करके तलब किया और विरोध दर्ज करवाया। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच फोन पर बात हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बातचीत को लेकर कहा गया कि सरकार ने अमेरिका के सामने कड़ा विरोध दर्ज करवाया है। वहीं, जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया, तो उसमें संवेदना का कोई नामोनिशान नहीं था। वाशिंगटन ने स्पष्ट रूप से



कहा कि होर्मुज में मौजूद उसकी नाकेबंदी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में दावा किया कि ईरान ने भारतीय जहाजों पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की थी। इसे अमेरिकी नेवी ने नाकाम कर दिया है। हालांकि, न तो भारत ने और न ही ईरान ने ऐसी किसी घटना का जिक्र किया है।

## बीजेपी नेता ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ 17 पन्नों की शिकायत थाने को सौंपी

### -अम्फान चक्रवात राहत कोष में 200 करोड़ से ज्यादा की अनियमितताओं का लगाया आरोप

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सियासी घमासान के बीच बीजेपी नेता ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी पर अम्फान चक्रवात राहत कोष में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी नेता अभिजीत दास बॉबी ने 17 पन्नों की शिकायत सौंपी। इस बीच पश्चिम बंगाल सीआईडी ने जाली हस्ताक्षर करने के मामले में अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए एक और नोटिस जारी किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2020 में आए सुपर साइक्लोन अम्फान के पीड़ितों के लिए जारी राहत राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुईं। इसमें डुप्लीकेट और संदिग्ध एंट्री, एक ही मोबाइल नंबर और बैंक खाते के जरिए कई लाभार्थियों को भुगतान और एक ही आवासीय भवन से कई लोगों को लाभ दिलाने जैसे आरोप शामिल हैं। अभिजीत दास बॉबी ने कहा कि आज की शिकायत में मैंने विशेष रूप से डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिष्णुपुर के दो ब्लॉकों का उल्लेख किया है, जहां करीब 57 हजार लाभार्थियों के बीच 57.86 करोड़ वितरित किए गए थे। दो बार अभिषेक बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके बॉबी ने आरोप लगाया कि राहत राशि का बड़ा हिस्सा कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व द्वारा हड़प लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिषेक के नेतृत्व में यह खेल हुआ और इसमें ब्लॉक विकास अधिकारियों और तत्कालीन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सहित कई सरकारी अधिकारी भी शामिल थे। बता दें 20 मई 2020 को आए अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी तबाही मचाई थी। पूर्वी मेदिनीपुर और उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना जिलों में व्यापक नुकसान हुआ था और 96 लोगों की मौत हुई थी। भाजपा नेता ने दावा किया कि पूरे डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर करीब 238 करोड़ रुपए के राहत घोटाले की आशंका है। उन्होंने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की है। बॉबी ने कहा कि जल्द ही डायमंड हार्बर क्षेत्र के अन्य थानों में भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराई जाएंगी साथ ही उन्होंने पूरे खर्च का फॉरेंसिक ऑडिट कराने और ईडी से जांच कराने की मांग की। ममता बनर्जी सरकार ने अम्फान प्रभावित लोगों के लिए 6,250 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की गई थी और पीड़ितों के खातों में सीधे धनराशि भेजने का वादा किया था। इसके लिए अम्फान साइक्लोन राहत कोष भी बनाया गया था। वहीं केंद्र सरकार ने नेशनल डिजास्टर? रिलीफ फंड से अम्फान राहत और पुनर्वास के लिए 3,077 करोड़ रुपए मंजूर किए थे। राज्य सरकार ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 20,000 रुपए और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 5,000 रुपए की सहायता देने की व्यवस्था की थी। बॉबी ने कहा कि ये सभी विसंगतियां सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करती हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि यह हमारे नेता के खिलाफ बीजेपी की प्रतिशोध कार्रवाई है।

## उद्धव ठाकरे की बुलाई बैठक को लेकर चर्चाएं तेज, क्या ऑपरेशन टाइगर का है डर!

### -राउत बोले- चर्चाएं गलत, बैठक में मानसून सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर होगी चर्चा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज है। ऑपरेशन टाइगर की चर्चाओं के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आनन-फानन में रविवार को पार्टी के सभी सांसदों की इमरजेंसी बैठक बुलाई। यह बैठक मातोश्री में होगी। पार्टी का कहना है कि यह सामान्य समीक्षा बैठक है, लेकिन सियासी गलियारों में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं।

सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक गलियारों में पिछले कुछ समय से ऑपरेशन टाइगर का जिक्र हो रहा है। माना जा रहा है कि शिवसेना के कुछ नेताओं और सांसदों के शिंदे गुट के नेताओं के संपर्क में होने की खबरों ने इस चर्चा को हवा दी है। हालांकि जिन सांसदों के नाम सामने आए हैं, उन्होंने पार्टी छोड़ने या पाला बदलने की बात से साफ इनकार किया है। मातोश्री में होने वाली यह बैठक ऐसे समय में हो रही है,



जब विपक्षी दलों के भीतर अंदरूनी खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल की टीएमसी में कुछ सांसदों की नाराजगी की चर्चा रही। इससे पहले आम आदमी पार्टी में भी सांसदों के पाला बदलने की खबरों ने विपक्षी खेमे की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे में उद्धव ठाकरे की यह बैठक संगठन की एकजुटता के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक यूबीटी के राज्यसभा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने बैठक की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे समय-समय पर सांसदों, विधायकों, पार्षदों और दूसरे पदाधिकारियों के साथ बैठक करते रहते हैं। संसद का मानसून सत्र आने वाला है, इसलिए महाराष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने ऑपरेशन टाइगर जैसी किसी भी चर्चा को गलत बताते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया है।

शिवसेना प्रवक्ता राजू वाघमारे ने कहा कि ऐसा कोई अभियान नहीं चल रहा है और न ही उनकी पार्टी को किसी को तोड़ने में दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव नहीं हैं और सरकार के पास पूरा बहुमत है। लोकसभा में इस समय यूबीटी के 9 सांसद हैं, जबकि शिंदे गुट के पास 7 सांसद हैं। ऐसे में मातोश्री में होने वाली यह बैठक महाराष्ट्र की सियासत में नई चर्चाओं को जरूर हवा दे रही है।

## मिजोरम बन रहा नशे का गढ़, म्यांमार से हो रही सिंथेटिक ड्रग्स 'आइस' की होम डिलीवरी

### -पिछले साल 118 तो इस साल 21 लोगों की जा चुकी है जान, हजारों किलो ड्रग्स जब्त

**आइजोल (एजेंसी)।** मिजोरम की राजधानी आइजोल में रात के अंधेरे और सन्नाटे में युवक हाथों में टॉर्च और डंडे लिए घूम रहे हैं। ये पुलिस नहीं, बल्कि 'यंग मिजो एसोसिएशन' (वाईएमए) के वॉलेंटियर्स हैं, जो सूबे की रगों में घोले जा रहे म्यांमार के सिंथेटिक ड्रग्स 'आइस' से अगली पीढ़ी को बचाने पहरा दे रहे हैं। मिजोरम इस समय नशा संकट से जूझ रहा है। म्यांमार की 500 किमी लंबी खुली सीमा से आने वाले खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को बिखेर दिया है। पिछले साल इस ड्रग्स ने 118 तो इस साल अब तक 21 लोगों की जानें ली हैं। म्यांमार सीमा से सटा चंफाई जिला इसका मुख्य कॉरिडोर है। बीते तीन साल में यहां से करीब



चार हजार किलो ड्रग्स जब्त हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चौंकाने वाली बात यह है कि पूरा कारोबार डिजिटली हो रहा है। ड्रग्स सप्लायर वॉट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीक्रेट ग्रुप्स बनाकर नेटवर्क चला रहे हैं। सिर्फ चैट ग्रुप का स्क्रीन शॉट दिखाकर आसानी से ड्रग्स मिल जाती है। जब वाईएमए के मेंबर से कुछ स्क्रीन शॉट मांगे तो उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें देने से मना कर दिया। मिजोरम एक्साइज एंड नारकोटिक्स विभाग के संयुक्त आयुक्त ने बताया कि स्थानीय नेटवर्क में 'आइस' और 'कैंडी' जैसे कोड वर्ड्स से ड्रग्स बेची जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले महीनों में ड्रग्स की होम डिलीवरी भी हो रही है। आइजोल स्थित सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि वह इस साल 10 अप्रैल से 28 मई के बीच केवल आइजोल में 239 मरीज मिले हैं। इतने कम समय में इतने मरीज मिलना स्थिति की भयावहता को दिखाता है। इनमें से ज्यादातर लोग पहले शराब और गांजा पीते थे, लेकिन अब ड्रग्स ले रहे हैं। वाईएमए की सेंट्रल कमेटी के महासचिव ने बताया कि सीमा के पार म्यांमार का रिहखावदार इलाका है, जहां दोनों ओर के लोगों के पारिवारिक संबंध हैं। इसी आवाजाही की आड़ में रात के अंधेरे में छोटे पेडलर्स घने जंगलों और पहाड़ी पगडंडियों से ड्रग्स की खेप भारत लाते हैं। यहां से ड्रग्स देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ बांग्लादेश और अरब देशों तक भेजी जा रही है।

## परमाणु युद्ध का भयावह परिणाम: ओजोन परत नष्ट, 1 अरब लोग भूखे मर सकते

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीते साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव ने पूरी दुनिया को परमाणु युद्ध की आशंका से भयभीत किया था। अब एक नई स्टडी ने चेतावनी दी है कि दोनों परमाणु शक्तियों के बीच एक अपेक्षाकृत छोटा संघर्ष भी वैश्विक तबाही ला सकता है, इससे ओजोन परत को भारी नुकसान होगा और एक अरब से अधिक लोगों को भुखमरी के कारण अपनी जान गंवा सकते है।

एक शोधकर्ता के अनुसार, छोटे पैमाने का परमाणु युद्ध भी दुनिया भर में दूरगामी प्रभाव डालेगा। परमाणु विस्फोटों से उत्पन्न तीव्र गर्मी और रेडिएशन लाखों लोगों को तत्काल मार देगा, लेकिन इससे भी बड़ा खतरा न्यूक्लियर विंटर का है। धमाकों और आग से भारी मात्रा में धुआँ वायुमंडल में फैल जाएगा, जिससे सूरज की रोशनी पृथ्वी तक पहुँचने से रुक जाएगी और वैश्विक तापमान में तेज़ी से गिरावट आएगी। शोधकर्ता ने वियना में यूरोपियन जियोसाइंसेज यूनियन की बैठक में अपनी स्टडी के नतीजे पेश किए थे। साल 2007 की एक पूर्व स्टडी ने अनुमान लगाया था कि इस न्यूक्लियर विंटर के कारण भुखमरी से 1 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। इसके अलावा, परमाणु विस्फोट ओजोन परत को भी गंभीर नुकसान पहुँचाएँगे। यह नुकसान अमेरिका और रूस के बीच बड़े परमाणु युद्ध के बराबर होगा। इससे हानिकारक अल्ट्रावायलेट (यूवी) किरणें सीधे पृथ्वी तक पहुँचेंगी, जो पौधों और जानवरों दोनों के लिए घातक होंगी। इसका मतलब है कि तापमान सामान्य होने के बाद भी कृषि पैदावार बुरी तरह प्रभावित होगी। शोधकर्ता और उनकी टीम ने पिछली स्टडीज के अनुमानों के आधार पर भारत-पाकिस्तान परमाणु युद्ध का एक विस्तृत मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल से पता चलता है कि उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) इलाकों में हवा के घूमने के विशेष पैटर्न के कारण, भारत-पाकिस्तान परमाणु युद्ध का कचरा वायुमंडल में ज़्यादा ऊँचाई तक जा सकता है और लंबे समय तक टिका रह सकता है। यह कचरा दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी फैलकर वैश्विक स्तर पर गंभीर परिणाम पैदा करेगा, जो मानवता के लिए एक गंभीर चेतावनी है।



# पुलिस महानिदेशक ने ली अपराध समीक्षा बैठक झूठे मुकदमे कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

## नशे की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक बनाएं कार्ययोजना

स्मार्ट हलचल| जयपुर



महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपराध समीक्षा बैठक हुई। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था ही विकसित राजस्थान की आधारशिला है। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से पुलिस पर जनविश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने सक्रिय व संगठित अपराधों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

पुलिस महानिदेशक ने समीक्षा बैठक में प्रदेश के पुलिस उच्चाधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होंने आपराधिक घटनाओं पर संबंधित रेंज आईजी व एसपी की कार्रवाई की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने धमकी देकर वसूली करने वाले गिरोहों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और नवीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के तहत अपराधियों की संपत्तियों को जब्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टरों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ऐसे अपराधियों के बैंक खातों सहित अन्य लेन-देन पर सतत निगरानी रखें।

### नशा तस्करों और साइबर अपराधियों पर करें प्रभावी कार्रवाई

शर्मा ने पुलिस अधीक्षकों को नशा तस्करी और नशे के प्रसार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस थानों में पुलिसकर्मियों को अनुसंधान के लिए नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिलाने पर भी जोर दिया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा से जुड़ी किसी भी संवेदनशील घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए, ताकि समय पर मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। पुराने प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के भी निर्देश दिए गए।

### वर्षभर चलाए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सड़क दुर्घटना केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में लेन अनुशासन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान वर्षभर संचालित करने के निर्देश दिए।

### नीट परीक्षा के लिए दिए दिशा-निर्देश

शर्मा ने नीट परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यस्थित परीक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरश पालना सुनिश्चित करें। सीसीटीवी के जरिए सतत निगरानी रखी जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 7 करोड़ की लागत से चौड़ा होगी केसरबाग पुलिया

## एक करोड़ की लागत से होगी लाइन शिफ्टिंग, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया शिलान्यास

स्मार्ट हलचर्ल



**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केसरबाग पुलिया एवं एस्केप चौनल चौड़ाईकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना नए अजमेर के निर्माण और आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। इस कार्य पर 7 करोड़ की लागत आएगी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि एस्केप चौनल चौड़ाईकरण कार्य पर लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जबकि विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग कार्य पर लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

देवनानी ने कहा कि बरसात के दिनों में बजरंगगढ़ मार्ग पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नाले की चौड़ाई को दोगुना किया जाएगा, जिससे पानी की निकासी सुचारू होगी और मार्ग पर जलभराव की समस्या समाप्त होगी।

उन्होंने बताया कि अजमेर शहर को जलभराव से स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये का व्यापक ड्रेनेज प्लान तैयार किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण में करीब 150 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अजमेर शहर की जनसुविधाएं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। नागरिकों को बेहतर सड़क, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

# कोटड़ी में खाकी पर जानलेवा हमला: घायल जांबाज एएसआई कैलाश चंद्र ने लहूलुहान हालत में दबोचा अंतर्राज्यीय बाच्छड़ा गैंग का शातिर बदमाश

## ज्वेलरी शॉप पर चोरी की बड़ी वारदात करने आए थे 4 बदमाश; पुलिस पर गुलेल से बरसाए पत्थर, सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त, 2 मोटरसाइकिलें जब्त, 3 फरार

स्मार्ट हलचल| कोटड़ी

भीलवाड़ा जिले की कोटड़ी थाना पुलिस ने सोमवार (15 जून) की रात अदम्य साहस और मुस्तैदी का परिचय देते हुए कस्बा कोटड़ी में सोने-चांदी के जेवरात की दुकान पर होने वाली चोरी की एक बहुत बड़ी वारदात को नाकाम कर दिया है। कार्रवाई के दौरान अंतर्राज्यीय बाच्छड़ा गैंग के शातिर बदमाशों ने पुलिस पर गुलेल से पत्थरों की ताबड़तोड़ बौछार कर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें गश्ती दल के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक (स्ढ्ढ) कैलाश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद, जांबाज एएसआई ने लहूलुहान हालत में भी साहस दिखाते हुए गैंग के एक शातिर मुख्य सरगना को मौके पर ही दबोच लिया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (ढ्ढक्क), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) राजेश आर्य व वृताधिकारी (कोटड़ी) सुरेश



डाबरिया के निर्देशन तथा कोटड़ी थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में अंजाम दी गई।

### आधी रात को सरिए और औजार लेकर घूम रहे थे बदमाश:

प्राप्त विवरण के अनुसार, 15 जून की रात्रि को कोटड़ी कस्बे में गश्त के दौरान एएसआई कैलाश चंद्र मय जाप्ता मुस्तैदी से निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें कस्बे के मुख्य बाजार में चार संदिग्ध युवक हाथ में लोहे के सरिए, कटर व अन्य औजार लेकर घूमते दिखाई दिए, जो सोने-चांदी की दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे, जिस पर एएसआई कैलाश चंद्र ने जांबाजी दिखाते हुए पीछा किया और एक बदमाश आशीष उर्फ नन्नू उर्फ आशिक को रंगे हाथों काबू कर लिया।

### गुलेल से किया ताबड़तोड़ हमला

अपने साथी को पुलिस की गिरफ्त में फंसता देख अन्य तीनों बदमाशों ने पुलिस टीम को डराने और अपने साथी को छुड़ाने के इरादे से गुलेल (गिलोल) से ताबड़तोड़ पत्थरों की बौछार कर जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में एएसआई कैलाश चंद्र के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गए। लेकिन उन्होंने घायल होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और आरोपी को मजबूती से जकड़े रखा। बदमाशों ने इस दौरान मौके पर खड़ी सरकारी आपातकालीन वाहन (श्वड्ढ 112) बोलेरो पर भी गुलेल और पत्थरों से जोरदार वार कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग छूटे।

### मध्य प्रदेश का रहने वाला है शातिर आरोपी, दो मोटरसाइकिलें जब्त:

थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए आरोपी आशीष उर्फ नन्नू उर्फ आशिक पिता राहुल उर्फ पिंटू जाति बाच्छड़ा (मालवीय), उम्र 19 साल (निवासी चंडौली, थाना नीमच सिटी, जिला नीमच, मध्य प्रदेश) को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात स्थल और फरारी रूट से प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। पकड़ा गया बदमाश बेहद शातिर है और इसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं। यह आरोपी जावद (स्क्र) थाने के अवैध मादक पदार्थ तस्करी (एनडीपीएस एक्ट) और चोरी के मामलों में भी लंबे समय से फरार चल रहा था।

### फरार बदमाशों की तलाश में विशेष टीम गठित:

पुलिस ने मौके से फरार हुए तीन अन्य बदमाशों– पीयूष, गोलू और दिलखुश की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए कोटड़ी थानाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। इस साहसिक कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी महावीर प्रसाद, घायल एएसआई कैलाश चंद्र, एएसआई महावीर सिंह, हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार (1474), कांस्टेबल बनवारी लाल (18 40), अर्जुन राम (99), मनोहर लाल (2124), लक्ष्मण (1727), हेमराज (1672), हेमंत कुमार (2151) और हंसराज (542) शामिल रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में खातों का विभाजन व आवासीय पट्टा जारी, ग्रामीणों को मिली राहत



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पंचायत समिति बनेड़ा की ग्राम पंचायत उपरेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम बना। शिविर में राजस्व एवं पंचायतीराज विभाग ने लंबित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

शिविर के दौरान आनंद कंवर, गंगा देवी एवं लालाराम के खातों का आपसी सहमति से मौके पर ही विभाजन कर दिया गया, जिससे लंबे समय से चले आ रहे राजस्व विवाद का समाधान हुआ। वहीं प्रेमचन्द्र बैरवा को उनके पुश्तैनी मकान का आवासीय पट्टा जारी किया गया।

मौके पर ही समस्याओं के समाधान से लाभार्थियों ने खुशी जताते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं शिविर में मौजूद अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# बिजौलिया फोरलेन पर दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन ने पैदल बाइक ले जा रहे युवक को कुचला, मौके पर ही मौत

स्मार्ट हलचल



**बिजौलिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलगाम दौड़ते वाहनों की रफ्तार मासूम जिंदगियों पर लगातार भारी पड़ रही है। बिजौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरोली और सलावटिया के बीच नेशनल हाईवे (फोरलेन) पर सोमवार सुबह हुए एक बेहद दर्दनाक और वीभत्स सड़क हादसे में एक युवक की अकाल मौत हो गई। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

### पंक्चर गाड़ी को पैदल धकेलते हुए जा रहा था पेट्रोल पंप:

बिजौलिया थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोली निवासी गोपाल गुर्जर (38) पुत्र छीतर लाल गुर्जर सोमवार सुबह करीब 7 बजे अपने घर से निकला था। उसकी मोटरसाइकिल का टायर पंक्चर होने के कारण वह बाइक पर सवार होने के बजाय उसे पैदल ही धकेलते हुए आरोली से फोरलेन पर स्थित बिलोना बड़ी के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहा था। इसी दौरान फोरलेन पर पीछे से यमदूत बनकर आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने गोपाल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयानक थी कि गोपाल गुर्जर गंभीर रूप से लहूलुहान होकर सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बिजौलिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर बिजौलिया राजकीय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई अन्नू लाला गुर्जर की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पुराने बस स्टैंड का गड्ढा बना मुसीबत, रोजाना हो रहे हादसे

## :-पीडब्ल्यूडी और ग्राम पंचायत की अनदेखी से बढ़ी परेशानी, दिन में कईबार घंटों जाम में फंसे रहते है वाहन

स्मार्ट हलचल



**कोटड़ी।** कस्बे के पुराने बस स्टैंड स्थित मुख्य मार्ग पर टूटी नाली और सड़क के बीच बना गहरा गड्ढा स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण यह स्थान अब दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह समस्या और गंभीर रूप में सामने आई। अमावस्या मेले के दौरान एक पिकअप वाहन का पहिया गड्ढे में फंस जाने से मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। सड़क संकरी होने और वाहनों की आवाजाही अधिक होने से कुछ ही देर में लंबा जाम लग गया। श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकालने के बाद यातायात सुचारू हो सका। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं मेले के दिन सुबह एक सब्जी एवं फल विक्रेता का हाथ ठेला भी इसी गड्ढे की चपेट में आ गया। संतुलन बिगड़ने से ठेला पलट गया और उस पर रखे फल एवं सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। अचानक हुए इस हादसे से विक्रेता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने मदद कर सामान को दोबारा एकत्रित कराया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और ग्राम पंचायत को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी और ग्राम पंचायत के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कस्बे का प्रमुख यातायात केंद्र है। जहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क और नाली की मरम्मत नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गड्ढे को भरकर नाली और सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय और भीड़-भाड़ के दौरान यह स्थान अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पीडब्ल्यूडी एवं ग्राम पंचायत से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# सोमवती अमास्या पर लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी, अधिक मास का पांच दिवसीय स्नान पूर्ण

## तीन लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## सिविल डिफेंस ने बचाई कई ज़िंदगियाँ

स्मार्ट हलचल



**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में सोमवार को सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, इसी के साथ अधिक मा का पंच दिवसीय स्नान महा स्नान की महा पूर्णावति हुई।

पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान करने हेतु आस्था का महासैलाब उमड़ा। अधिक मास के समापन पर सोमवती अमावस्या के महास्नान में अब तक भीड़ नहीं आई। जो इससे ज़्यादा लाखों मे सबसे ज़्यादा श्रद्धालु आये । पुष्कर स्नानार्थी आने वाली सबसे ज़्यादा भीड़ रही हैं । चारों ओर भीड़ बेक़ाबू हो गई । जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। बताया जाता है कि अधिक मास तीन साल में एक बार आने से अधिक मास का समापन सोमवती स्नान के साथ हुआ। शास्त्रों में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पुष्कर सरोवर में स्नान से पितृ दोष दूर होता है और पुष्कर में स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है।

दिनभर लगी रही कतारे सोमवती अमावस्या पर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर का फूलों और रोशनी से भव्य श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गई। ब्रह्मा मंदिर, सावित्री माता मंदिर औरअन्य सभी मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सरोवर के 52 घाटों पर ब्रह्म मुहूर्त से देर शाम तक स्नान का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने 52 घाटों में स्नान कर पुण्य कमाया । स्थानीय प्रशासन ने सिविल डिफेंस 30 स्वयंसेवकों को लगा घाटों पर किसी प्रकार का कोई हादसा न हो। तो हादसा को टाला जा सकता है । सरोवर के 52 घाटों पर सिविल डिफेंस के 30 स्वयंसेवक तैनात थे। स्नान के दौरान कई युवक गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। तैनात स्वयंसेवकों ने फुर्ती दिखाते हुए कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। एक युवक को स्थानीय स्वयंसेवक किशन गोपाल जाट नेनिकाल कर नया जीवन दिया।



### गौ घाट पर भीड़ से बिगड़े हालात, बड़ा हादसा टला

सोमवती अमावस्या पर पुष्कर के गौ घाट क्षेत्र में भारी भीड़ के चलते व्यवस्थाएं चरमराती नजर आईं। हालात ऐसे बने कि श्रद्धालुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाना भी मुश्किल हो गया। भीड़ में बच्चे रोते-चिल्लाते दिखे, वहीं बुजुर्ग और महिलाएं काफी परेशान नजर आईं। गनीमत रही कि भगवान पुष्करराज की कृपा से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि इस दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बनती, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे बड़े पर्व पर प्रशासन को पहले से बेहतर भीड़ नियंत्रण, वैकल्पिक मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए थी। गौ घाट के हालात भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी हैं। घाटों ओर बाज़ार में अव्यवस्थाओं का बोलबाला, खुली प्रशासन की पोल दूसरी तरफ सोमवती अमावस्या का स्नान प्रशासन की नाकामी और लापरवाहियों को भी उजागर कर गया। मुख्य घाटों और परिक्रमा मार्ग पर जगह जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था नहीं दिखी। शहर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर सुबह से भीषण जाम लगा रहा। अजमेर रोड, नागौर रोड और मेड़ता रोड पर वाहन रेंगते नजर आए। श्रद्धालुओं को 2 किलोमीटर पहले ही वाहन छोड़कर पैदल चलना पड़ा। पार्किंग और यातायात प्रबंधन पूरी तरह फेल दिखा। कई बुजुर्ग और महिला श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी।

### सोमवती अमावस्या स्नान के दौरान महिला लापता, परिजन परेशान

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर पुष्कर सरोवर में स्नान करने आई नागौर जिले के दागड़ी गांव निवासी 60 वर्षीय उमराव कंवर भीड़भाड़ के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ गईं। घटना के बाद से परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों के अनुसार उमराव कंवर सोमवती अमावस्या स्नान के लिए पुष्कर आई थीं। सरोवर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच वे परिवार से अलग हो गईं। इसके बाद से परिजन विभिन्न स्थानों पर उनकी खोजबीन कर रहे हैं तथा आमजन से भी सहयोग की अपील की है।

### फल, फूल और आस्था से सजे जगतपिता ब्रह्मा का दिव्य श्रृंगार बना श्रद्धा का केंद्र

तीर्थराज पुष्कर में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर स्थित विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर में जगतपिता ब्रह्मा का विशेष एवं भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। फल, फूल और रंग-बिरंगी प्राकृतिक सजावट से अलंकृत ब्रह्मा जी की दिव्य छवि ने मंदिर परिसर को अलौकिक आभा से भर दिया। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा और हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्मा जी के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।

# 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा 'स्टॉप डायरिया अभियान'

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मानसून के दौरान बच्चों को दस्त (डायरिया) जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग द्वारा 16 जून से 31 जुलाई 2026 तक 'स्टॉप डायरिया अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही पांच वर्ष तक के बच्चों वाले परिवारों तक पहुंचकर जिंक की गोलियां एवं ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे। अभियान के सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पीएचईडी व पंचायतीराज विभाग का सहयोग लिया जायेगा। सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर से सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये गये है।

अभियान की इस वर्ष की थीम 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' रखी गई है। इसके माध्यम से आमजन को स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, हाथ धोने की आदत तथा दस्त होने पर समय पर उपचार एवं ओआरएस के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में दूषित पानी एवं अस्वच्छ वातावरण के कारण डायरिया के मामलों में वृद्धि हो जाती है। विशेष रूप से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में यह बीमारी गंभीर रूप धारण कर सकती है। ऐसे में समय पर ओआरएस एवं जिंक का उपयोग बच्चों के जीवन की रक्षा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अभियान के दौरान आशा सहयोगिनियां, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्यकर्मी घर-घर संपर्क कर परिवारों को दस्त रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देंगे। पांच वर्ष तक के बच्चों वाले परिवारों को ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट उपलब्ध करवाई जाएगी तथा ओआरएस घोल बनाने की विधि सहित इनके सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# सोमवती अमावस्या पर श्रीचारभुजानाथ धाम में उमड़ा जनसागर

## आस्था, भक्ति और विश्वास का बना अद्भुत संगम, 47.43 लाख रुपये की भेंट राशि हुई प्राप्त

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेवाड़ की प्रसिद्ध आस्था नगरी कोटड़ी स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर में सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सोमवार को प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर, मुख्य मार्ग एवं बाजार भक्तों की भीड़ से गुलजार रहे। सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक रही। सुबह मंगला आरती के साथ शुरू हुई दर्शन व्यवस्था देर रात शयन आरती तक लगातार चलती रही। श्रद्धालु घंटों कतारों में खड़े रहकर भगवान के दर्शन करते नजर आए लेकिन किसी के उत्साह और श्रद्धा में कमी दिखाई नहीं दी। सोमवती अमावस्या पर उमड़ी विशाल भीड़ ने एक बार फिर साबित कर दिया कि श्रीचारभुजानाथ धाम केवल मेवाड़ ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। हर वर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या भगवान के प्रति लोगों के गहरे विश्वास और मंदिर की बढ़ती धार्मिक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। पूरे दिन कोटड़ी कस्बा भक्ति, सेवा, श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के रंग में रंगा रहा तथा भगवान श्री चारभुजानाथ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान बना रहा।

### उमस व तपती धूप भी नहीं रोक सकी श्रद्धालुओं की आस्था

भीषण गर्मी और तेज धूप व उमस के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पांव पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे। कई श्रद्धालु परिवार सहित गांवों से पदयात्रा करते हुए कोटड़ी पहुंचे और भगवान श्रीचारभुजानाथ के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का कहना था कि श्रीचारभुजानाथ के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा ही उन्हें हर परि-स्थिति में यहां आने की प्रेरणा देती है। मंदिर मार्ग पर दिनभर जय श्री



चारभुजानाथ के जयकारे गूंजते रहे। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### विशेष अभिषेक एवं मनमोहक श्रृंगार ने मोहा मन

सोमवती अमावस्या पर भगवान श्री चारभुजानाथ का विशेष अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। भगवान को पंचामृत, दूध, दही, घृत, शहद एवं सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया गया। इसके पश्चात ठाकुरजी को विशेष स्वर्णजड़ित पोशाक धारण कराकर आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगारित प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। महाआरती के समय मंदिर परिसर घंटानाद, शंखध्वनि एवं जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान की स्तुति की।

### श्रद्धालुओं ने अर्पित किए 47.43 लाख रुपये व आभूषण

श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट कोटड़ी द्वारा ज्येष्ठ कृष्ण सोमवती अमावस्या के अवसर पर मंदिर में प्राप्त भेंट राशि एवं अन्य आय का विवरण जारी किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था और सहयोग से मंदिर को कुल 47 लाख 43 हजार 389 रुपये की राशि प्राप्त हुई। साथ ही मंदिर में रखे भेंट पात्र से 34 लाख 21 हजार 2 रुपये, रसीदों के माध्यम से 5 लाख 5 हजार 767 रुपये तथा ऑनलाइन से 8 लाख 16 हजार 620 रुपये प्राप्त हुए। इन सभी मदों को मिलाकर कुल आय 47 लाख 43 हजार 389 रुपये रही। इसके अतिरिक्त मंदिर को श्रद्धालुओं द्वारा 2 किलो 94 ग्राम चांदी तथा 0.340 मिलीग्राम सोना भी भेंट स्वरूप प्राप्त हुआ। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त राशि का उपयोग मंदिर विकास, धार्मिक आयोजनों एवं जनहित के कार्यों में नियमानुसार किया जाएगा। मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था एवं सहयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे धार्मिक गतिविधियों को नई गति मिल रही है।

### धान अर्पित करने की परंपरा निभाने पहुंचे श्रद्धालु

सोमवती अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने साथ धान, नारियल, प्रसाद एवं अगरबत्ती लेकर मंदिर पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्तों ने परंपरा के अनुसार भगवान के चरणों में धान अर्पित कर अच्छी वर्षा, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं मंगल कामना की। दिनभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। क्षेत्रीय भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भगवान पर आधारित भजनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट, स्थानीय प्रशासन एवं स्वयंसेवकों द्वारा विशेष प्रबंध किए गए। दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग की गई। पेयजल, छाया, चिकित्सा सहायता एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यव-स्था रखी गई। पुलिसकर्मियों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे दिन व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए गलातर करने के लिए शीतल पेयजल एवं विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। सोमवती अमावस्या पर उमड़ी भीड़ का असर कस्बे के व्यापार पर भी दिखाई दिया। प्रसाद, पूजन सामग्री, कपड़ा, आभूषण, जूते-चप्पल एवं अन्य दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। व्यापारियों ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से स्थानीय व्यापार को भी मजबूती मिलती है।

# पीटीआई भर्ती में 3000 पदों की मांग को लेकर गूंजे नारे, सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सरकारी स्कूलों में खेल शिक्षा को सशक्त बनाने और पीटीआई भर्ती 2026 में पदों की संख्या बढ़ाकर 3000 करने की मांग को लेकर सोमवार को लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी के बैनर तले युवाओं ने जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी प्रतिदेव ठेठिया को सौंपा गया।

अध्यक्ष किशन मालावत के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। एकेडमी ने पीटीआई भर्ती में कम से कम 3000 पद सृजित करने, सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में खेल शिक्षकों की तैनाती तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार की मांग उठाई। ज्ञापन देने से पूर्व युवाओं ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सरकार के समर्थन में खेल एवं रोजगार से जुड़े नारों के साथ प्रदर्शन कर अपनी मांगों को बुलंद किया। इस दौरान संजय खोईवाल, लवराज गुर्जर, प्रहलाद खटीक, कमल भाटिया, तुलसी छीपा, महेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और युवा मौजूद रहे।

# खेती में तकनीक का तड़का: किसानों को सिखाए बढ़ी पैदावार के गुर



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत सोमवार को ग्राम रामगढ़ में एक दिवसीय खरीफ कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा मौजूद रहे। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर खेती करने तथा सरकार की कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के सहायक निदेशक डॉ. प्रकाश चंद ने किसानों को खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की उन्नत किस्मों, बीज उपचार, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण तथा जल जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से उत्पादन लागत कम कर आय में वृद्धि की जा सकती है।

कार्यक्रम में किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने फसल प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कृषि अधिकारी पप्पू लाल मीणा, जीतराम चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी अनिल तिवारी, भंवर लाल मीणा, सीताराम मीणा, मुकेश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या एवं कालसर्प योग पर त्रिवेणी संगम में उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** त्रिवेणी संगम मेवाड़ की प्रसिद्ध भगवा नगरी त्रिवेणी संगम में सोमवती अमावस्या एवं कालसर्प योग के पावन संयोग पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रातःकाल से ही संगम तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों, स्नान एवं पूजन का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर भगवान शिव एवं भगवान विष्णु की आराधना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर वैदिक आचार्यों आचार्य ओमप्रकाश व्यास, आचार्य दुर्गाशंकर भट्ट, जयप्रकाश भट्ट विजय शास्त्री (देवली), शिवप्रकाश भट्ट एवं आचार्य पंकज कुमार भट्ट आचार्य गोविन्द त्रिवेणी धनराज शास्त्री वेदपकाश जीके सान्निध्य में विशेष पूजा-अर्चना, कालसर्प दोष निवारण एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक जयघोषों से पूरा संगम क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी गई। संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं उसके सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था, जल सेवा, साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभालते हुए पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित बनाया।

# माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसानों को वितरित किया फसली ऋण

स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़

राज्य सरकार की सहकारिता आधारित किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा किसानों को समय पर कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से थलकलां ग्राम सेवा सहकारी समिति द्वारा विशेष ऋण वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मांडलगढ़ क्षेत्र में माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण किया गया।

प्रबंध निदेशक श्री आलोक चौधरी एवं शाखा प्रबंधक श्री विनीत महेश्वरी (महुआ शाखा) के निर्देशानुसार 30 जून 2026 तक शत-प्रतिशत ऋण वितरण एवं ऋण वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समिति द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत थलकलां ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक श्री



प्रेमशंकर शर्मा एवं सहायक व्यव-स्थापक श्री नरेन्द्र सिंह कानावत ने मांडलगढ़ स्थित श्री बाण माताजी गोवटा देवस्थान पहुंचकर माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसानों को ऋण राशि उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम के दौरान किसान श्री सावरमल जाट एवं श्रीमती हरकू देवी जाट को कुल 49 हजार 587 रुपये का अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया गया। किसानों को यह राशि खरीफ सीजन की बुवाई, बीज, खाद, कीटनाशक तथा अन्य कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रदान की गई, जिससे वे समय पर कृषि कार्य प्रारंभ कर सकें।

समिति अधिकारियों ने बताया कि सहकारी संस्थाओं का उद्देश्य किसानों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से ऋण वितरण की व्यवस्था से किसानों को बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती तथा उन्हें मौके पर ही डिजिटल माध्यम से ऋण राशि प्राप्त हो जाती है। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ पारदर्शिता और सुविधा भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आगामी दिनों में भी क्षेत्र के पात्र किसानों तक पहुंचकर ऋण वितरण एवं ऋण वसूली अभियान को गति दी जाएगी, ताकि 30 जून तक निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही किसानों से सहकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा समय पर ऋण अदायगी करने की अपील भी की गई।

ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के माध्यम से ऋण वितरण की यह पहल किसानों के लिए राहतकारी साबित हो रही है। किसानों ने भी इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि सहकारी समिति द्वारा गांव स्तर पर पहुंचकर दी जा रही सेवाओं से उन्हें काफी सुविधा मिल रही है और कृषि कार्यों के लिए समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। सहकारिता के माध्यम से समृद्ध किसान, समृद्ध राजस्थान का संकल्प साकार करने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी, प्रबुद्धजन संवाद एवं सेवा कार्यों के साथ मनाया प्रधानमंत्री मोदी का गौरवमयी कार्यकाल

## सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे मुख्य अतिथि, कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** भारतीय जनता पार्टी बिजोलिया मंडल द्वारा सोमवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण, सुशासन एवं सेवा को समर्पित गौरवमयी कार्यकाल के उपलक्ष्य में संगोष्ठी, प्रबुद्धजन संवाद एवं विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल तथा मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के



साथ हुआ।

इस अवसर पर आयोजित विशेष संगोष्ठी एवं प्रबुद्धजन संवाद को संबोधित करते हुए सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित की है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य अभूतपूर्व तरीके से हुआ है।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि मांडलगढ़-बिजोलिया क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना भाजपा का संकल्प है। उन्होंने आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा भी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की। संगोष्ठी के पश्चात भाजपा कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। साथ ही 'सेवा ही संगठन' के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, कल्पेश चौधरी, मांडलगढ़ नगर पालिका पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, पूर्व उप प्रधान नारायण धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया एवं मुकेश धाकड़, पंचायत समिति सदस्य अभिषेक सर्वा, ओम मेड़तिया, भवानीशंकर शर्मा एवं शिव चंद्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंडल के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रधान, उपप्रधान, सरपंच, उपसरपंच, नगर पार्षद, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जयपुर वॉर रूम में शाहपुरा कांग्रेस की दमदार मौजूदगी, प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा से हुई महत्वपूर्ण मुलाकात

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-शाहपुरा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रमेश सेन ने जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोडासरा से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, वरिष्ठ नेता राम प्रसाद धाकड़, अर्जुन सिंह राणावत,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, ओम सिंधी, पूर्व पार्षद नाथू कोली, भेरूलाल खटीक, मंडल अध्यक्ष सावरलाल कुमावत, आनंद तिवारी,आरिफ मोहम्मद, मुन्ना खान, प्रेमचंद कहार, हंसराज धोबी एवं कान सिंह चौहान सहित बड़ी



संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुलाकात के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर रमेश सेन ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहपुरा में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर आमजन की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रमेश सेन का साफा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन विस्तार, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आमजन से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और जनता के बीच निरंतर संवाद ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है।

प्रतिनिधिमंडल ने शाहपुरा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा आगामी समय में जनहित के विषयों को मजबूती और प्रभावशीलता के साथ उठाने का संकल्प दोहराया। साथ ही क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने का भरोसा भी जताया।

यह मुलाकात शाहपुरा कांग्रेस के लिए संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। आने वाले समय में शाहपुरा में कांग्रेस संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत एवं जनसरोकारों से जुड़ा बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एमपीएल 2026 के चौथे दिन रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल

## आरकेआरसी ए, बसंत विहार और चंद्रशेखर आजाद नगर टीम ने दर्ज की जीत, दर्शकों ने लिया भरपूर आनंद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 के चौथे दिवस पर मोदी ग्राउंड में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिनभर चले रोमांचक मैचों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा तथा मैदान में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। क्रिकेट खेल प्रभारी समर्थ अजमेरा, सौरभ सोमानी, रोनक काष्ट ने बताया की माहेश्वरी प्रीमियर लीग 2026 में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में आरकेआरसी ए, बसंत विहार और चंद्रशेखर आजाद नगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले मैच में आरकेआरसी ए ने सुभाष नगर को 48 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरकेआरसी ए ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। कुलदीप राठी ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। जवाब में सुभाष नगर की टीम 5 विकेट पर 76 रन ही बना सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए कुलदीप राठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बसंत विहार ने आजाद नगर को 15 रनों से हराया। बसंत विहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आज़ाद नगर की टीम 73



रन ही बना सकी। बसंत विहार के विपुल आगाल ने 3 महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई और मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए। दिन के तीसरे मुकाबले में चंद्रशेखर आजाद नगर ने पुर को 13 रनों से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंद्रशेखर आजाद नगर ने 8 विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाए। जवाब में पुर की टीम 63 रन ही बना सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए निखिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी एवं बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हर मैच में जीत के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच और बढ़ गया। अतिथी के रूप में योगेश लढा (मनोमय), नारायण लढा, ओम गटयानी, मयंक भदादा (आदित्य बैट्री), सत्य प्रहलाद राय हिंगड, राजेश बाहेती, चन्द्रप्रकाश कालिया, दिनेश शारदा, श्याम सुन्दर बिडला, कैलाश मून्दडा, विजय लढा, शांतीलाल डाड, ओम गगरानी, पीयूष डाड, तरुण सोमाणी, राकेश काबरा, महेश जाजू अंकित सोमानी, श्यामलाल डाड, कैलाश मून्दड़ा, कृष्णगोपाल सोडाणी, ओम प्रकाश सोमाणी, ओम जागेटिया, हरगोविन्द लोरी, बनवारी सोमानी, महावीर अजमेरा, लादूलाल सोमाणी, सुरेश समदानी, प्रदीप लाठी, प्रशान्त आगाल सुधा, सुनील सोमाणी, रमेश बाल्दी, गोपाल जागेटिया मौजुद रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा और अधिक रोचक होने की उम्मीद है तथा खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए पूरा दमखम लगा रहे हैं। महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित यह क्रिकेट प्रतियोगिता समाज में एकता, भाईचारे और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का सफल माध्यम बन रही है।

# सिंगोली चारभुजा नाथ के श्रद्धालु की रही भीड़



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मेवाड़ के धार्मिक स्थल सिंगोली श्याम में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की रेलमपेल रही । मंदिर भंडारी सुरेंद्र पराशर ने बताया कि पुजारी शिवकुमार पाराशर ने चारभुजा नाथ का दुग्धाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया । भोर वेला से ही चारभुजा नाथ का जयकारा लगाते हुए पदयात्री आते रहे । मंदिर प्रबंधक अर्जून सिंह सोलंकी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दर्शन की विशेष व्यवस्था की ।मंदिर परिसर में भजन संध्या में सिंगोली श्याम के भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे।

# चंपापुर में 'एमडी ड्रग्स' बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी खेप के साथ 3 तस्कर दबोचे

**वन क्षेत्र से सटे फार्म हाउस पर पुलिस की मेगा दबिश, ड्रग बनाने का भारी सामान बरामद; मौके पर पहुंचे एएसपी व डीवाईएसपी**

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया

भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई को अंजाम देते हुए चंपापुर गांव में बड़े स्तर पर चल रहे 'एमडी ड्रग' (मेफेड्रोन) बनाने के एक कथित काले कारोबार (अड्डे) का पर्दाफाश किया है। पुलिस की विशेष टीम ने वन क्षेत्र से बिल्कुल सटे एक सुनसान फार्म हाउस पर अचानक योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर भारी मात्रा में तैयार एमडी ड्रग्स और उसे बनाने में प्रयुक्त होने वाली रसायनों व सामग्री की खेप बरामद की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मौके से गिरोह के तीन शातिर तस्करों को भी राउंडअप (गिरफ्तार) किया गया है। फिलहाल पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर साक्ष्य जुटाने और जब्ती की कार्रवाई देर रात तक जारी रही।





प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कास्या चौकी प्रभारी नरेश शर्मा को मुखबिर तंत्र से चंपापुर गांव के इस फार्म हाउस में चल रही संदिग्ध गतिविधियों को लेकर एक बेहद सटीक और पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए बिजौलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में तुरंत एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर चक्रव्यूह तैयार किया गया। पुलिस टीम ने बिना कोई वक्त गंवाए चंपापुर गांव स्थित चिन्हित खेत और फार्म हाउस को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की इस अचानक हुई घेराबंदी से वहां ड्रग्स बना रहे तस्करों को भागने तक का मौका नहीं मिला।

### इंटरनेशनल मार्केट में करोड़ों की कीमत होने का अनुमान:

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, इस अवैध ठिकाने पर पिछले लंबे समय से तस्करों का यह अंतर-राज्यीय नेटवर्क सक्रिय था, जहां बेहद शातिराना तरीके से हाई-क्वालिटी की एमडी ड्रग (मेफेड्रोन) तैयार की जा रही थी। मौके से भारी मात्रा में तैयार नशीला पाउडर, लिक्विड केमिकल, गैस सिलेंडर, वजन तोलने के कांटे और ड्रग प्रोसेसिंग यूनिट की मशीनें मिलने की प्रारंभिक सूचना है। हालांकि, बरामद ड्रग्स की कुल मात्रा, उसकी शुद्धता और गिरफ्तार आरोपियों के नामों को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि विस्तृत जांच और एनडीपीएस एक्ट के तहत पूरी लिखापढ़ी होने के बाद ही की जाएगी।

### अधिकारी पहुंचे मौके पर, सप्लाई चेन की जांच शुरू:

जंगल के बीचों-बीच इतनी बड़ी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़े जाने की सूचना से पूरे जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मांडलगढ़ डीवाईएसपी (वृताधिकारी) सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि तस्करों ने इस शांत क्षेत्र को अपनी सुरक्षित पनाहगाह बना लिया था। पुलिस अब इस बात की गहनता से पड़ताल कर रही है कि इस फैक्ट्री का मुख्य मास्टरमाइंड कौन है, रो-मटेरियल (कच्चा माल) कहां से आ रहा था और तैयार की गई ड्रग्स को किन-किन राज्यों व महानगरों में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस की विस्तृत और आधिकारिक रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद कई बड़े चेहरों के बेनकाब होने की संभावना है।

# राजस्थान सब-जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की बेटियों ने जीता खिताब



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान सब-जूनियर की मांगरोल (बारां) में आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा टीम ने जयपुर को कांटे की टक्कर वाले रोमांचक मैच में पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत से जिले भर में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस सफलता में कोच लोकेश खोईवाल, जसवंत खोईवाल तथा टीम मैनेजर कृतिका खटीक के उत्कृष्ट मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला बास्केटबॉल संघ, भीलवाड़ा के मानद सचिव प्यारे लाल खोईवाल एवं अध्यक्ष अजय भंडारी ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन रणजीत खोईवाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित भंडारी एवं शिव खोईवाल ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के बास्केटबॉल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिंघवी, अभि जैन, राहुल जायसवाल, शिव बैरवा, देवेंद्र खोईवाल, इकबाल मंसूरी, अभिषेक खोईवाल एवं अजय खोईवाल सहित अनेक खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

# श्री बाणमाता शक्तिपीठ की वार्षिक आमसभा संपन्न: मंदिर विकास पर हुआ महामंथन

## दानपात्र से निकले 8.30 लाख से अधिक

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की वार्षिक आमसभा का आयोजन अमावस्या के पावन और पुनीत अवसर पर शक्तिपीठ परिसर में किया गया। इस महत्वपूर्ण सांगठनिक और धार्मिक बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने की। बैठक के दौरान शक्तिपीठ के आगामी विकास कार्यों को गति देने, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार करने और मंदिर के पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर पदाधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों के बीच विस्तार से चर्चा की गई।



### श्रद्धालुओं की मौजूदगी में खुला दानपात्र, हुई पारदर्शी गिनती:

वार्षिक आमसभा के इस विशेष और गरिमामय अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध ग्रामीणों और मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं की प्रत्यक्ष मौजूदगी में श्री बाणमाता जी के मुख्य दानपात्र को खोला गया। इसके बाद मंदिर परिसर में ही पूरी पारदर्शिता के साथ दान स्वरूप प्राप्त हुई नकदी राशि की गिनती शुरू की गई। गिनती पूर्ण होने पर दानपात्र से कुल 8,30,326 (अक्षरे आठ लाख तीस हजार तीन सौ छब्बीस) रुपये की भारी-भरकम सहयोग राशि प्राप्त हुई। श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी- के चरणों में अर्पित की गई इस भेंट को देखकर उपस्थित जनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### आगामी भव्य विकास कार्यों में खर्च होगी राशि:

संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि दानपात्र से प्राप्त हुई इस संपूर्ण सहयोग राशि का उपयोग मंदिर के सुनियोजित विकास, भव्य जीर्णोद्धार कार्यों और यहां आने वाले यात्रियों की सुविधाओं को और अधिक सुलभ व आधुनिक बनाने में पूरी पारदर्शिता के साथ खर्च किया जाएगा। इस दौरान संस्थान के कोषाध्यक्ष व सचिव सहित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में माता रानी के परम भक्त व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तिलस्वां महादेव में आस्था का महासैलाब: अधिकमास और सोमवती अमावस्या के महासंयोग पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र कुंड में डुबकी

**छटा बिखेरती भजन मंडलियों की धुन पर थिरके शिवभक्त; महिलाओं ने पीपल पूजकर मांगी खुशहाली, चौकस व्यवस्था के बीच हुए सुचारू दर्शन**

स्मार्ट हलचल

**तिलस्वां/बिजौलिया।** जिले के सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक शिव धाम तिलस्वां महादेव मंदिर में अधिकमास और सोमवती अमावस्या के विशेष व दुर्लभ धार्मिक संयोग पर आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। इस पावन अवसर पर राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न कोनों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने तिलस्वां के पवित्र और रोगनाशक कुंड में डुबकी लगाई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर मंदिर परिसर व कुंड की परिक्रमा की। मेले जैसा माहौल एक दिन पूर्व ही चतुर्दशी को शुरू हो गया था, जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाड़ौती, मालवा और कुंडाल क्षेत्र से यहाँ पहुँचे और रात्रि जागरण कर भजन-कीर्तन किए।



### ढाई दशक से अटूट जारी है कैदियों के लिए भोजन सेवा:

सोमवती अमावस्या के इस पावन पर्व पर मंदिर में विभिन्न सेवा कार्यों का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय खदान ठेकेदार शुभ सिंह सोलंकी ने बताया कि पिछले ढाई दशकों (25 वर्षों) से तिलस्वां महादेव की असीम कृपा से हर माह की अमावस्या पर कैदियों (रोगियों) के लिए भोजन व्यवस्था कराने का सौभाग्य उन्हें मिल रहा है। महादेव की ऐसी कृपा रही कि भीषण कोरोना काल के दौरान भी अमावस्या पर कैदियों की यह भोजन सेवा कभी खंडित नहीं हुई। इस बार मध्य प्रदेश के सिंगोली से आई 'महाकाल महिला मंडली' ने भी कैदियों व दूर-दराज से आए यात्रियों के लिए भोजन सेवा में अपना सक्रिय योगदान दिया। वहीं सिंगोली निवासी चंदू सोनी ने मंदिर में 40 कट्टे मक्का के भेंट किए।

### महिलाओं ने किया पीपल पूजन, विशेष श्रृंगार व महाआरती संपन्न:

धार्मिक अनुष्ठानों के तहत सोमवती अमावस्या पर महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने निराहार व्रत रखकर पवित्र पीपल के वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और 108 परिक्रमा लगाकर अपने परिवार की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में जगह-जगह बैठी भजन मंडलियों की सुमधुर प्रस्तुतियों पर शिवभक्त जमकर थिरके। इधर, मंदिर के मुख्य गर्भगृह में मंदिर महंत पूर्णाशंकर पाराशर के सानिध्य में भोलेनाथ के पुजारी सांवरिया पाराशर व पाराशर पुजारी परिवार द्वारा महादेव का विशेष पंचामृत अभिषेक, मनोहारी श्रृंगार व भव्य महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ कमाते हुए गायों को चारा, बेसहारा लोगों को भोजन, चाय व शीतल जल का दान किया।

### भीड़ का फायदा उठाकर उचक्कों ने साफ किए हाथ, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:

लाखों की इस भारी भीड़ का फायदा उठाकर मेले में कुछ शातिर उचक्के और चोर भी सक्रिय हो गए। दर्शनों की आपाधापी के बीच अज्ञात चोरों ने कई महिलाओं के गले से सोने की चेन और पारंपरिक मादलिया पार कर दिया। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट तुरंत हरकत में आया तथा कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर शातिर चोरों का सुराग लगाने की कशमकश शुरू की गई। हालांकि, इस बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर व सचिव मांगीलाल धाकड़ के नेतृत्व में ट्रस्ट पदाधिकारियों और पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की थीं, जिससे शिवभक्तों को सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन लाभ मिल सका। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष व सचिव ने मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना व विश्व शांति के लिए हवन में आहुतियां भी दीं।

# महेश नवमी महोत्सव के तहत स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बालक-बालिकाओं ने दिखाया शानदार कौशल, विजेताओं का किया सम्मान**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सत्यनारायण इंजी वर्क्स के मुकेश जागेटिया द्वारा प्रायोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हुनर और संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं समाजबंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रभारी अनुज मुछाल व मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ सह संयोजक अर्चित मून्द्रडा सहित रामपाल सोमानी, अंकुश समदानी, दीपक तुरकिया, प्रकाश जागेटिया, संजय समदानी, विनोद कोठारी, मुकेश चेचानी, अरुण बियानी द्वारा प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें शुभकामनाएं देकर किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया और स्केटिंग के दौरान गति, संतुलन एवं तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। प्रतियोगिता में 10 वर्ष से ऊपर वाली प्रतियोगिता में लवित्र कोगटा प्रथम, कार्तिकेय चेचानी द्वितीय, आर्विक मालू तृतीय तथा 10 वर्ष से कम वाली प्रतियोगिता में सव्य समदानी प्रथम, ध्रुवीता माहेश्वरी द्वितीय, कबीर डाड तृतीय रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना देखने को मिली। प्रतिभागियों ने निर्धारित ट्रैक पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। उपस्थित दर्शकों और अभिभावकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संयोजक अतुल राठी ने बताया की महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत खेलकूद एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान होता है। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी खेल गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।



# लायंस एवं लियो क्लब बिजयनगर क्लासिक का शपथ ग्रहण हुआ

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** लायंस क्लब बिजयनगर क्लासिक एवं लियो क्लब बिजयनगर क्लासिक के संयुक्त तत्वावधान में होटल कोगटा पैराडाइज में 'हौसलों की उड़ान' शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय निदेशक एमजेएफ लायन वी.के. लाड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एमजेएफ लायन संजय भंडारी ने नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गणपत बुराड़ एवं आनंद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष लायन शेखर सांड ने वर्षभर उत्कृष्ट सेवाएं देने और क्लब गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए रीजन चेयरपर्सन लायन संजय महावर को प्रतिष्ठित 'लायन ऑफ द ईयर' सम्मान से नवाजा। वहीं निवर्तमान सचिव लायन सौरव नागोरी ने वर्षभर किए गए सेवा कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

नवगठित कार्यकारिणी में लायन रोहित बुराड़ ने अध्यक्ष, लायन अभिषेक बाबेल ने सचिव, लायन त्रिलोक मूंदड़ा ने प्रथम उपाध्यक्ष, लायन अर्पित मित्तल ने द्वितीय उपाध्यक्ष एवं लायन गौतम भलावत ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं लियो अनिकेत सांड ने लियो क्लब अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली।

इस अवसर पर क्लब परिवार का विस्तार करते हुए लायन सुमित शर्मा एवं लायन संजय सुराणा को भी सदस्यता ग्रहण करवाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह का संचालन द्राक्षी मित्तल ने किया।

कार्यक्रम में दीपक माहेश्वरी, नरेंद्र पीपाड़ा, राकेश रांका, राजू लोढ़ा, पवन मंडिया, आशीष सांड, आशीष पटोदी, प्रमोद पटोदी, पंकज पीपाड़ा, प्रशांत, गौतम महावर, मुकेश, दुलराज खाबिया, विकास कोठारी, अखिल कोटेचा, आकाश चोरड़िया, अरिहंत लोढ़ा, शोभित तातेड़, हेमंत डूंगरवाल सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष लायन रोहित बुराड़ ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष में सेवा कार्यों को और अधिक विस्तार देने का संकल्प व्यक्त किया।

# मातृकुण्डिया में चार चौखला घाणीवाल तेली समाज का शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** चार चौखला घाणीवाल तेली समाज विकास समिति, मातृकुण्डिया द्वारा बद्रीविशाल भगवान मंदिर परिसर, मातृकुण्डिया में भव्य शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ तथा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में अध्यक्ष भंवरलाल मेहराणिया, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरलाल मोदी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्यनारायण तेली (ऊंचा), उपाध्यक्ष राजू तेली (ज्ञानगढ़), उपाध्यक्ष बालूलाल रेगा सहित सचिव, महामंत्री, संगठन मंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के लगभग 200 पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की।



कार्यक्रम में समाज की शिक्षा, संगठन, युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरलाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए युवाओं को समाज से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही समाज का भविष्य है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। समाज के प्रत्येक युवा को शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर ईश्वरलाल मोदी को समाजहित में उत्कृष्ट योगदान, भामाशाह के रूप में निरंतर सहयोग, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा समाज के विकास हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। समाजजनों ने उनके समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। समारोह में देवीलाल साहू, लादूलाल तेली, टी.सी. चौधरी, बद्रीलाल जाट, रतनलाल चौधरी, भैरूलाल चौधरी, आत्माराम लाईवाल, कैलाश शर्मा, प्रेम हाड़ा, देवीलाल अहीर, अजय बनवाल, सत्यनारायण तेली (ऊंचा), राजू तेली (ज्ञानगढ़), कुंदन भाई जूतरा, देवराज साहू, कुशल साहू, विकास जादम, गणेश सिंह, राजू सेतवाल, रंजीत आमली, रतनलाल पावली, दिनेश बनाकिया, देवीलाल तेली जाडाना सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए समाज के युवाओं को नेतृत्व और समाज सेवा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ईश्वरलाल मोदी ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों, भामाशाहों, प्रतिभाओं एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

# 23 जून को लगेगा युवा संबल मेला, रोजगार और स्वरोजगार के खुलेंगे नए द्वार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 23 जून को युवा संबल मेला आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में यह मेला ग्रामीण हाट बाजार में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

उपनिदेशक रोजगार विभाग मुकेश गुर्जर ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से मेले में भाग लेकर रोजगार और करियर से जुड़ी संभावनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक अभ्यर्थी क्यूआर कोड के माध्यम से पूर्व पंजीकरण भी कर सकते हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस के आह्वान पर 'हल्ला बोल' में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा सरकार को अल्टीमेटम

## देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में विद्युत विभाग घेराव, राज्यपाल को 11 सूत्रीय ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में सांगोद में आयोजित 'हल्ला बोल' प्रदर्शन में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद के संयोजन में मुकुंद मैरिज हॉल से सैकड़ों कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और युवाओं ने जुलूस निकालकर विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया और महामहिम राज्यपाल के नाम *11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा,सांगोद ब्लॉक के कॉंग्रेस जनों ने एकजुटता दिखाकर यह बता दिया कि इस हक की लड़ाई को अंजाम तक दिखाएंगे भाजपा की तानाशाही नहीं सहेगे। स्मार्ट मीटर, महंगाई, पेपर लीक से हर वर्ग त्रस्त है। शीघ्र अतिशीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।



**ज्ञापन के मुख्य टॉपिक व मांगें:**

डीएपी-यूरिया-बीज की किल्लतः समय पर पर्याप्त आपूर्ति, अटैचमेंट के नाम पर लूट बंद हो।

जबरन स्मार्ट मीटर पर रोकः जनता की सहमति बिना लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर तुरंत बंद हों।

बिजली व्यवस्था सुधारःजर्जर लाइनें बदली जाएं, अघोषित कटौती बंद हो, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। महंगाई से राहत घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतें वापस हों।

मनमाने रास्ते बंद हों किसानों की जमीनों में जबरन रास्ता निकालने पर रोक, निष्पक्ष जांच हो। मारू भाट परिवारों का पुनर्वासः* 70 साल से रह रहे 40 से अधिक परिवारों को वैकल्पिक भूमि व पक्के मकान मिलें।

अवैध जंगल कटाई पर रोकःपर्यावरण बचाने के लिए अवैध कटाई बंद कर वृक्षारोपण हो। सांगोद कृषि उपज मंडी शुरू होः स्थानीय मंडी में नीलामी व खरीद-फरोख्त शुरू की जाए। शुद्ध पेयजलः कोटड़ी पेयजल परियोजना से मिल रहे दूषित पानी की जांच कर शुद्ध जल मिले।

मनरेगा में ठेका प्रथा बंदः मजदूरों को सीधा लाभ देने के लिए ठेका प्रथा खत्म हो।

पेपर लीक पर कार्रवाईःनीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई हो।

चेतावनीः ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि यदि इन मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में व्यापक जनांदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। सांगोद की जनता ने एकजुटता दिखाई है। यह हक की लड़ाई है और हम इसे अंजाम तक पहुंचाएंगे, मिर्जा शकील अहमद ने कहा।

इस अवसर पर देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कपिल नागर, पूर्व प्रधान, पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, जिला परिषद सदस्य सम्भव वर्मा, जिला परिषद सदस्य गीता मेघवाल, मण्डल अध्यक्ष ऋषिराज मीणा, दिग्विजय सिंह, देवलाल गोचर, विशाल मीणा, अरविंद सिंह ब्रजलिया, विशाल तिवारी, अध्यक्ष महिला ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी दृष्टि सुमन, बद्रीलाल यादव, सांगोद नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका, नगर अध्यक्ष बपावर मनीष गोड, अफसार प्रधान, नरेश मंगल, मधुसूदन शर्मा, देहात जिला अध्यक्ष एस सी मोर्चा परसराम मेघवाल, गजराज सिंह हाड़ा, चौथमल नागर, नरेंद्र सोनी, कमल खटिक, मोहम्मद रईस, रामराज यादव, शिवराम सुमन, धन्नालाल मेघवाल, मांगीलाल नागर,आशीष गोचर, लेखराज गुर्जर, शक्ति सिंह गुर्जर, दिनेश गुर्जर, लोकेश मीणा, जगदीश मीणा, रामु काका, बद्रीलाल शर्मा, राजू गुर्जर, देवीशंकर गुर्जर, दशरथ मेहता, ब्रजमोहन रैगर, राजाराम शर्मा, वसीम जलाल, शहादत मुल्तानी, प्रकाश सोनी, चन्द्र मोहन मीणा, ओमप्रकाश मीणा, पूरणमल सुमन, देवी सिंह, सुल्तान भील, भवानी शंकर नागर, राजेंद्र चौधरी, रघुनन्दन गौतम, मोहम्मद नईम, भेरूलाल रायका, पवन शर्मा, राकेश मीणा, इन्द्रराज प्रजापति, इन्द्रराज नागर, बाबूलाल तिवारी, अंकुश शर्मा, पवन गोयल, मनोज गौतम, दशरथ मेहता, कृष्णमुरारी गुर्जर, संजय रावल, पार्षद दिनेश सुमन, निरंजन जैन, मास्टर मेंहमूद खान, बंटी मीणा, महावीर नायक, सिद्धार्थ सुवालका, कमल मीणा, हिमान्शु नागर, रोहित गौतम, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान भाई और नौजवान साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र गहलोत ने किया।

# चंद्रवंशी यादव महिला गौरव सम्मान से सम्मानित हुईं कोटा की समाजसेवी महिलाएं



स्मार्ट हलचल | कोटा

श्री वासुदेव चंद्रवंशी यादव समाज संघ एवं गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित भव्य सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में कोटा की महिला शक्ति ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कोटा के गूंज महिला मंडल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समारोह में कोटा की समाजसेवी महिलाओं ज्योति यादव, मोहिनी यादव, शशि सिंह, कमलेश यादव, अनुपम यादव, रश्मि सिंह, कमलेश कुमारी एवं सुनीता वर्मा का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को समाजहित एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सराहा गया।

समाज संघ के अध्यक्ष मदन परमालिया ने बताया कि कोटा के गूंज महिला मंडल ने पहली बार 25 जोड़ों का ऐतिहासिक निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर समाज में नई मिसाल कायम की है। इसी जनकल्याणकारी पहल और समाजोत्थान के कार्यों के लिए गूंज महिला मंडल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय जयंत जने ने कहा कि जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए किए गए इस सराहनीय प्रयास ने समाज में सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल थे, जबकि अध्यक्षता इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम ने की। महामंडलेश्वर दादू महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज संघ के अध्यक्ष मदन परमालिया ने बताया कि समारोह में समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मातृशक्तियों को 'चंद्रवंशी यादव महिला गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया।

# सूरज छतरी एवं रानीजी की बावड़ी पर विशेष योग शिविर आयोजित

## ऐतिहासिक धरोहरों पर योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन अभियान के तहत जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के मार्गदर्शन में शहर की पश्चिमी पहाड़ी पर स्थित सूर्य-नारायण छतरी (सूरज छतरी) तथा ऐतिहासिक पर्यटन स्थल रानीजी की बावड़ी पर विशेष योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया। योग दिवस सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुशवाह के निर्देशन में प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत के मध्य आयोजित इस योग सत्र ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का अनूठा अनुभव प्रदान किया।

विशेष योग सत्र के दौरान योग साधकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं उन्नत योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों द्वारा शारीरिक संतुलन, मानसिक एकाग्रता एवं आंतरिक ऊर्जा को विकसित करने वाले अभ्यास करवाए गए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शांति पाठ के साथ हुआ, जिससे वातावरण सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक अनुभूति से ओतप्रोत हो उठा। प्रशिक्षकों ने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने के साथ-साथ प्रकृति और संस्कृति के प्रति संवेदनशील बनाता है। इस अवसर पर श्री जी योगशाला निदेशक व योग गुरु दीपक गुर्जर, प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी, शक्ति तोषनीवाल, शिखर पंचोली, चांदनी वरयानी, सरला कुशवाह, पूजा खत्री, महिमा शर्मा, सुधा चौधरी, चारू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में परिवार सहित सहभागिता करने की अपील की।

# इंदौर में कोटा की महिला शक्ति का सम्मान, गूंज महिला मंडल को मिला गौरव

## चंद्रवंशी यादव महिला गौरव सम्मान से सम्मानित हुईं कोटा की समाजसेवी महिलाएं



स्मार्ट हलचल|कोटा

श्री वासुदेव चंद्रवंशी यादव समाज संघ एवं गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित भव्य सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में कोटा की महिला शक्ति ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कोटा के गूंज महिला मंडल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समारोह में कोटा की समाजसेवी महिलाओं ज्योति यादव, मोहिनी यादव, शशि सिंह, कमलेश यादव, अनुपम यादव, रश्मि सिंह, कमलेश कुमारी एवं सुनीता वर्मा का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को समाजहित एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सराहा गया।

समाज संघ के अध्यक्ष मदन परमालिया ने बताया कि कोटा के गूंज महिला मंडल ने पहली बार 25 जोड़ों का ऐतिहासिक निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर समाज में नई मिसाल कायम की है। इसी जनकल्याणकारी पहल और समाजोत्थान के कार्यों के लिए गूंज महिला मंडल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय जयंत जने ने कहा कि जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए किए गए इस सराहनीय प्रयास ने समाज में सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल थे, जबकि अध्यक्षता इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम ने की। महामंडलेश्वर दादू महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समाज संघ के अध्यक्ष मदन परमालिया ने बताया कि समारोह में समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मातृशक्तियों को 'चंद्रवंशी यादव महिला गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया।

# शनि महाराज के भंडार से निकले 29.27 लाख



**कपासन।** उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनि धाम श्री शनिमहाराज आली के चौवदस पर खोले गये भंडार से 29 लाख 27 हजार 511 रुपये की भेंट राशि प्राप्त हुई, सिक्कों की गिनती अभी बाकी है।

तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि रविवार सुबह श्री शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडार खोले गए। कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, मंत्री छगनलाल गुर्जर संरक्षक पवन कुमार सांखला की मौजूदगी में मुख्य मंदिर, नवग्रह मंदिर और तेल कुंड के भंडारों से भेंट राशि निकाली गई। नोटों की गिनती गत रात्रि पूरी हुई, जिससे कुल 29 लाख 27 हजार 511 रुपये की राशि प्राप्त हुई। सिक्कों की गिनती अभी बाकी है। इस कार्य में कमेटी सदस्य पूर्व अध्यक्ष मदन सिंह, गोपाल सुथार, रामेश्वर लाल सुथार, रूपलाल गाडरी, रामचंद्र क़ीर, भैरूलाल जाट, कालुराम कीर, कालुराम कुम्हार, गणेश जाट, गोर्धन सिंह, सत्यनारायण जाट, शुरेश जाट, कर्मचारी नरेंद्र विजयवर्गीय, गणपत सिंह, नारायण सिंह, किशन सिंह, अर्जुन सिंह, गजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, राजू गुर्जर, प्रकाश लोधा सहित कई श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

# बरून्दनी में सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** बरून्दनी क्षेत्र में दामोदर अग्रवाल, सांसद लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा गया है ।बरून्दनी क्षेत्र की रेलवे व सड़क संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए भीलवाड़ा कोटा सड़क मार्ग के सवाईपुर से आकोला,बड़लियास , बरुन्दनी हो कर सोमानी रिसोर्ट बिछोर तक राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाए। बरुन्दनी रेल्वे स्टेशन पर एक भी द्रुतगामी रेलगाड़ी का ठहराव नही होता है जबकि यहां से बडलियास, बिछोर,सिंगोली , आकोला , सुरास, जीवा खेड़ा पंचायतों के यात्री यात्रा करते है। कोटा असावरा , कोटा मंदसौर द्रुतगामी रेलगाड़ी का यहां ठहराव करवाने की मांग, 198 15 कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का बरून्दनी रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाए 19822 असावरा एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बरून्दनी रेल्लवे स्टेशन पर किया जाए एक नवीन ट्रेन उदयपुर से कोटा के लिए प्रातः काल शुरू की जाए जिसका बरून्दनी में ठहराव हो एक नवीन ट्रेन प्रातः काल कोटा से उदयपुर के लिए शुरू की जाए जिसका बरून्दनी में ठहराव हो बेगू से भीलवाड़ा मुख्य सड़क मार्ग पर बरून्दनी में रेल्वे के अंडर पास की पुलिया के तल पर पानी भरा रहता है समस्या का समाधान करवाने के लिए, बरून्दनी रेल्वे स्टेशन के आसपास सभी पुलियो के नीचे पानी भराव की समस्या रहती है जिसका समाधान करवाया जाए। बजरंग व्यायाम शाला योग केंद्र बरून्दनी पर 5 लाख रुपए से छ्रूं से कबूतर खाना बनाने की मांग, सांसद ने आश्वासन दिया है कि इन बिंदुओं पर विचार विमर्श करके। सौ प्रतिशत विकास कार्य किया जायेगा सभी क्षेत्रवासी आपके आभारी रहेंगे कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता राधा कृष्ण प्रजापत मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी कल्पेश चौधरी गजेन्द्र साहू शक्ति केंद्र संयोजक श्याम लाल चौधरी शैतान सिंह शक्तावत भंवर खटीक हरक लाल सोमानी लोकतंत्र सैनानी 1975 के कारसेवक लक्ष्मण ग्वारियां के घर पर चाय नाश्ता किया सभी पुराने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी गई है।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों के लिए केडर स्ट्रैंथ रिव्यू की मांग तेज, सरकार को भेजा जाएगा मांग पत्र



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन ने नगरीय निकाय कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान एवं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार से केडर स्ट्रैंथ रिव्यू कराने सहित विभिन्न मांगों को लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में अजमेर नगर निगम में आयोजित फेडरेशन की महासमिति बैठक में विस्तृत चर्चा कर मांग पत्र को अंतिम रूप दिया गया। प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि 30 मई को जयपुर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन के दौरान कर्मचारियों से प्राप्त सुझावों एवं मांगों पर विचार-विमर्श के बाद सरकार को भेजे जाने वाले मांग पत्र को स्वीकृति दी गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सिंह शेखावत एवं महामंत्री रामप्रसाद चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुई।

माली ने बताया कि मांग पत्र में नगरीय निकायों के कर्मचारियों के स्टाफिंग पैटर्न का पुनर्गठन कर केडर स्ट्रैंथ रिव्यू किए जाने, मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ सेवा संवर्ग के रिक्त पदों पर नई भर्ती करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का जिला स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करने तथा निकाय कर्मचारियों का वेतन राज्य निधि से भुगतान कर उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देने जैसी प्रमुख मांगें शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से कर्मचारियों को राहत मिलने के साथ-साथ नगरीय निकायों की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। बैठक में नगर निगम भीलवाड़ा से प्रांतीय कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पारीक, श्रीकांत शर्मा सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# णमोकार जाप से मिलती है मानसिक शांति और आत्मिक सुख : आर्यिका श्री

## कोटा में णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान का शुभारंभ, विश्व शांति के लिए गूंजा महामंत्र

स्मार्ट हलचल |कोटा

रिद्धि-सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान का मंगल शुभारंभ हुआ। 15 से 19 जून 2026 तक आयोजित होने वाले इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में लाखों णमोकार महामंत्र जाप के माध्यम से विश्व शांति, जीव कल्याण एवं धर्म प्रभावना का संदेश दिया जाएगा।

परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्या भूषण सन्मति सागर जी महाराज की परम शिष्या एवं भारत गौरव गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्ति भूषण माताजी (ससंघ) के पावन सान्निध्य में आयोजित इस अनुष्ठान के प्रथम दिवस मंगल कलश स्थापना एवं यज्ञनायक सौधर्म इन्द्र की विधिवत स्थापना संपन्न हुई। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप प्रारंभ किया।



मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा एवं मंत्री पंकज खटोड़ ने बताया कि अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा, 7:30 बजे जाप अनुष्ठान, 8:30 बजे मंगल प्रवचन तथा सायं 7 बजे गुरु भक्ति एवं आनंद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर णमोकार महामंत्र का जाप चला।

इस अवसर पर आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मन की स्थिरता ही आत्मिक शांति का आधार है। अत्यधिक विचार व्यक्ति के मन को चंचल बनाकर उसे तनाव एवं अवसाद की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक वस्तुओं के अनावश्यक संग्रह से मानसिक बोझ बढ़ता है, जबकि णमोकार महामंत्र का ध्यानपूर्वक जाप मन को शांत, निर्मल एवं एकाग्र बनाता है। महामंत्र के भावपूर्ण स्मरण से असंख्य पापों का क्षय होता है तथा आत्मा को वास्तविक सुख की अनुभूति प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि णमोकार महामंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं समस्त साधु-संतों को नमस्कार किया गया है। सच्चे भाव से किया गया नमस्कार जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और चमत्कारिक परिणाम प्रदान करता है। माताजी ने कहा कि इतिहास में णमोकार महामंत्र के जाप से अनेक प्रेरणादायी एवं चमत्कारिक घटनाएं घटित हुई हैं, जो इसकी आध्यात्मिक शक्ति को प्रमाणित करती हैं।

इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के महामंत्री पदम बड़ला, कार्यध्यक्ष पारस बज आदित्य,कोषाध्यक्ष ताराचंद बड़ला, पारस कासलीवाल, संजय सांवला,पारस लुहाड़िया, नितेश खटोड़, टीकम पाटनी, पंकज खटोड़, सेवानिवृत्त न्यायाधीश जितेंद्र कुमार, अशोक सांवाला, निर्मल अजमेरा, महावीर बड़ला, राजकुमार पाटनी, नरेंद्र कासलीवाल, अजीत गोधा, वर्धमान कासलीवाल, अनिल मित्तल, मनीष सेठी एवं संजय लुहाड़िया, सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जेसीआई कोटा अचीवर्स ने आयोजित किया विशेष तनाव प्रबंध प्रशिक्षण



स्मार्ट हलचल| कोटा

जेसीआई कोटा अचीवर्स द्वारा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं जवानों के लिए तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) एवं कार्य-जीवन संतुलन (वर्क-लाइफ बैलेंस) विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कोटा थर्मल पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ छ्द्धस्त्र इकाई में सीआईएसएफ प्रमुख डी.सी. हाओकिप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जेसीआई कोटा अचीवर्स के अध्यक्ष जेसी अक्षत बाबरिया जैन ने बताया कि सम्मेलन कक्ष में आयोजित डेढ़ घंटे के इस प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों एवं जवानों को मानसिक तनाव से निपटने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षक एचजीएफ मेघना ने तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को सीआईएसएफ मुख्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया मंचों पर भी सराहना एवं मान्यता प्राप्त हुई है।

प्रशिक्षण में उपस्थित सीआईएसएफ अधिकारियों एवं जवानों ने सत्र को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए ऐसी पहल को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षा बलों के कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# दो दिवसीय त्रिशूल पूजा भंडारा एवं सत्संग कार्यक्रम मे उमड़ा जन सैलाब व जनप्रतिनिधियों सहित श्रद्धालुओं ने लिया भाग आशीर्वाद

## हेलीकॉप्टर से विदाई देने उमड़ा जन सैलाब

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** दौसा जिले के महुवा के पाली बाणगंगा नदी के किनारे स्थित श्री अड़गड़ानंद जी महाराज के श्री परमहंस आश्रम में यथार्थ गीता के प्रणेता विश्वविख्यात संत स्वामी श्री अड़गड़ानंद महाराज के विशेष हेलीकॉप्टर से पाली स्थित आश्रम पहुंचने के बाद पावन दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य साधु संतों देश भर से आए भक्तों के साथ श्रद्धालुओं को मिला

महुवा शहर के लिए आज का दिन बेहद ऐतिहासिक और भावुक रहा। 'यथार्थ गीता' के प्रणेता, परम पूज्य संत शिरोमणि स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज अपने दो दिनों के अल्प प्रवास के बाद सोमवार को हेलीकॉप्टर द्वारा महुवा से रवाना हुए। महाराज जी के दर्शन और विदाई के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा आसमान 'जय गुरुदेव' के जयकारों से गूंज उठा। महाराज की कृपा और उनका आशीर्वाद हमेशा सभी श्रद्धालुओं सहित महवा वासियों पर बना रहे।सोमवार को त्रिशूल स्थापना प्रवचन सत्संग भंडारा के बाद दोपहर विशेष हेलीकॉप्टर से महुवा आश्रम से स्वामी अड़गड़ानंद का आश्रम से जुड़े हुए भक्तों के साथ साधु संतों श्रद्धालुओं आम जन ने ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर विदाई दी।

इस दौरान पूरे भारत देश से आए हुए श्रद्धालुओं सहित श्री अड़गड़ानंद महाराज के श्री परमहंस आश्रम, पाली (महुवा) में दिव्य दर्शन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि सद्गुरुदेव का सानिध्य आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं धर्ममार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है। उनके श्री चरणों में प्रणाम कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।यथार्थ गीता के रचयिता, श्री परमहंस स्वामी



अड़गड़ानंद महाराज के महुवा की पावन धरा आगमन पर समस्त भक्तों और क्षेत्रवासियों की ओर से उन्हें कोटि-कोटि नमन, भावभीना स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन करने के बाद आज सोमवार को विदाई देते समय जयकारों से आसमान गूंज उठा। गुरु चरणानंद महाराज, नारद महाराज, चिंतनमया नंद महाराज, गिरजानंद महाराज, आशीष महाराज, संतोष महाराज, त्यागी बाबा ,यज्ञानंद ,आभानंद, संतों ने कहा कि कहा कि संतों का आगमन किसी भी भूमि पर ईश्वर की असीम कृपा का प्रतीक होता है। स्वामीअड़गड़ानंद महाराज ने 'यथार्थ गीता' के माध्यम से गीता के सच्चे और व्यावहारिक रूप को जन-जन तक पहुँचाकर मानवता का जो कल्याण किया है, वह अतुलनीय है।

'संत समागम हरि कथा, तुलसी दुर्लभ दोय। '

ऐसे महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक का महुवा की पवित्र भूमि पर पदार्पण हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का क्षण है। स्वामी के पावन चरणों के स्पर्श से महुवा सहित क्षेत्र की धरा धन्य हो गई और यहाँ के वातावरण में सकारात्मकता व शांति का संचार होगा। उनके दर्शन और विचार हम सभी को सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देंगे। स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के चरणों में सादर वंदन करते हुए, हम उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हम सभी पर सदैव बना रहे। श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज द्वारा गीता के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता के सार्वभौमिक एवं व्यावहारिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनके आध्यात्मिक चिंतन, साधना और मानवता के कल्याण हेतु समर्पित जीवन से देश-विदेश के भी लाखों श्रद्धालु प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं।

**भक्तों ने बताया कि श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद**

महाराज के पावन सानिध्य में श्री परमहंस आश्रम, पाली (महुवा) में सोमवार को आयोजित त्रिशूल पूजा के साथ भंडारा एवं सत्संगकार्यक्रम दर्शन को लेकर जन सैलाब उमड़ा महुवा शहर के लिए रविवार सोमवार का दिन बेहद ऐतिहासिक और भावुक रहा। 'यथार्थ गीता' के प्रणेता, स्वामी अड़गड़ानंद महाराज अपने अल्प प्रवास के बाद सोमवार को दोपहर हेलीकॉप्टर द्वारा महुवा से रवाना हुए। महाराज जी के दर्शन और विदाई के लिए देश भर से आए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा आसमान 'जय गुरुदेव' के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी की कृपा और उनका आशीर्वाद हमेशा महुवा वासियों पर बना रहे यही सभी भक्त कामना करते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चिकित्सा विभाग सहित पुलिस प्रशासन सहित आश्रम से जुड़े हुए साधु संत सहित पूरे भारत देश से आए हुए भक्त श्रद्धालु व्यवस्थाएं संभालने के साथ कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में देर शाम तक जुटे रहे।

# उपकारागृह शाहपुरा का विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा/भीलवाड़ा,।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार सोमवार को उपकारागृह शाहपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहनता से जायजा लिया गया।

निरीक्षण दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव रश्मि आर्य तथा तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा की अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी शामिल रहीं। अधिकारियों ने उपकारागृह में बंद कैदियों से सीधे संवाद कर उन्हें मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाओं, मूलभूत आवश्यकताओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा दैनिक दिनचर्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी कार्यप्रणाली तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जेल प्रशासन से बंदियों के भोजन वितरण की समय-सारणी, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों और आवश्यक सुधारों को लेकर अधिकारियों ने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। अधिकारियों ने कहा कि बंदियों को मानवीय गरिमा के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों की रक्षा करना न्यायिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर निजी सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक अग्रवाल, अपर लोक अभियोजक शाहपुरा हितेश शर्मा, तालुका विधिक सेवा समिति के आजाद मोहम्मद, पीएलवी रीना देवी, उपकारापाल प्रहलाद गुर्जर सहित जेल प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय उपकारागृह शाहपुरा में कुल 35 बंदी निरुद्ध पाए गए। निरीक्षण दल ने जेल प्रशासन को बंदियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रतनपुरा के याकुबपुरा में 50 लाख की लागत से बने राधा-कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुरा के याकुबपुरा (खातोली) गाँव में नवनिर्मित श्री राधा-कृष्ण भगवान मंदिर में डोरा एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 13 जून से हो गया है। यह पांच दिवसीय महोत्सव 17 जून तक चलेगा। आशाराम, विनोद धाकड़, जितेंद्र, गोत्तम, नरेश , चेतन, राकेश आदि के सहयोग से लगभग 50 लाख रुपये की लागत से यह भव्य मंदिर बनवाया गया है।

महोत्सव का कार्यक्रमः13 जून विशाल भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान यज्ञारंभ, गणपति पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।16 जून रात्रि में विशाल भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के नामी भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ज़17 जून मुख्य आयोजन के तहत श्री राधा-कृष्ण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार की मूर्तियों का वास एवं अन्य वैदिक कार्यक्रम होंगे। समापन पर पूर्णाहुति के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। मंदिर निर्माण में पूरे गांव का सहयोग सराहनीय रहा है।

# बीसलपुर फिल्टर प्लांट के पास प्यासे ग्रामीणः पानी की मांग पर दूनी-नगरफोर्ट मार्ग 3 घंटे जाम, जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** टोंक जिले के घाड़ कस्बे में सोमवार को पानी की किल्लत से परेशान होकर दूनी-नगरफोर्ट मार्ग (स्टेट हाईवे 34) पर उतर आए। ग्रामीणों ने लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम कर पेयजल आपूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि बीसलपुर परियोजना का मुख्य फिल्टर प्लांट उनके कस्बे में ही स्थित है, फिर भी उनके घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।

आक्रोशित ग्रामीणों ने कस्बे के बस स्टैंड पर मुख्य मार्ग के बीचों-बीच तंबू गाड़कर प्रदर्शन किया,



जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

जाम की सूचना मिलते ही घाड़ पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया। ग्रामीण विभागीय अधिकारियों के मौके पर आने और लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। सुबह 11 बजे बीसलपुर के अधिकारी पूरणमल टीम के साथ पहुंचे, जिन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे दूनी तहसीलदार विनोद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर समस्या के समाधान की जिम्मेदारी ली, जिसके बाद जाम खोला गया।

ग्रामीणों ने बताया कि घाड़ कस्बे में बस स्टैंड से खेड़ेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले रास्ते पर स्थित मीणा मोहल्ले की पाइपलाइन का कनेक्शन पिछले चार साल से नहीं किया गया है। इस कारण मोहल्लेवासियों को अभी तक एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हुआ है और उन्हें एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है।

प्रदर्शन में ग्रामीण जनसेवक मनीष मीणा, युवा साथी एहसान खान घाड़, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष इरफान जी आजमी, राजेश पहाड़िया, अविनाश मीणा, श्योजी लाल मीणा, सुनील, टोनू, प्रकाश प्रजापति, कीमतराज, सोनू, सुमित कजर, विकास कजर, साहिल चौधरी और कुलदीप बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ककोड़ सेवा शिविर में व्हीलचेयर के अभाव में दिव्यांगजन परेशान

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** ग्राम पंचायत ककोड़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में दिव्यांगजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कैंप स्थल पर व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं होने से विशेष योग्यजन अपनी शिकायत दर्ज कराने से वंचित रह गए।इस समस्या को लेकर दिव्यांगजन कल्याण समिति टोंक के सचिव शंभू दयाल बैरवा के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी उनियारा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उनियारा उपखंड में आयोजित होने वाले सभी शहरी व ग्रामीण सेवा



शिविरों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए कैंप स्थल पर व्हीलचेयर अनिवार्य रूप से रखी जाए।राज्य सरकार द्वारा समस्या निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन व्हीलचेयर न होने से दिव्यांगजन अधिकारियों तक नहीं पहुंच पा रहे।बिना व्हीलचेयर के दिव्यांगों को आने-जाने में परेशानी होती है और वे अपनी पीड़ा बता नहीं पाते।शिविर प्रभारी व विकास अधिकारी अलीगढ़ को भी लिखित में अवगत कराया गया कि विशेष योग्यजनों को बिना व्हीलचेयर के कैंप में काफी कठिनाई होती है।

समिति ने मांग की कि जहां भी शिविर का आयोजन हो, वहां व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए ताकि दिव्यांगजन बैठकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपनी समस्याएं बता सकें।इस दौरान मौजूद रहे ।समिति सचिव शंभू दयाल बैरवा, उपसचिव अशोक कुमार सैनी, अध्यक्ष सुरेश कुमार महावर, कोषाध्यक्ष राजकुमार महावर, राजेंद्र कुशवाहा, सुनीता पाराशर, बाबूलाल वर्मा, संपत मीणा, बिहारी लाल मीणा, भागीरथ पारीक, रामधन शर्मा, दीपक कुशवाहा, मुकेश सैनी अलीगढ़ सहित कई दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# बैठक में स्थायी लोक अदालत की भूमिका एवं लाभों की जानकारी दी



**चित्तौड़गढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष मानसिंह चूण्डावत के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सभागार में स्थायी लोक अदालत के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सचिव योगिता पारीक एवं पूर्णकालिक अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में सचिव योगिता पारीक ने नगर परिषद, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, दूरसंचार विभाग, बैंक एवं बीमा विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली एवं परिवहन विभाग, डाक विभाग, स्वयं सेवी संस्था प्रयास संस्थान एवं जनसाहस संस्थान आदि को स्थायी लोक अदालत (पीएलए) की उपयोगिता, कार्यप्रणाली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों के त्वरित एवं सुलभ निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को बताया कि स्थायी लोक अदालत के माध्यम से विद्युत, जलापूर्ति, डाक, परिवहन, दूरसंचार तथा अन्य जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों का सरल एवं कम खर्च में समाधान प्राप्त किया जा सकता है। जनोपयोगी समस्याओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु स्थायी लोक अदालत की भूमिका, अधिकारिता, प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में जानकारी दी।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत क्लस्टर बनाकर किसानों को दिया जाएगा लाभ

स्मार्ट हलचल | भीलवाडा

राज्य सरकार के बजट घोषणा की अनुपालना में वर्ष 2026-27 में जिले में नैनों उर्वरकों को बढ़ावा देने के उध्देश्य से नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग हेतु अधिक से अधिक कृषकों को प्रेरित करने हेतु 50 प्रतिशत अनुदान पर नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का छिड़काव कर कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा,जिसमें अनुदान डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में दिया जायेगा।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर द्वारा नैनो उर्वरकों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं,इनके अनुसार खरीफ और रबी दोनों सीजन में इन नैनो उर्वरकों के छिड़काव पर किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करना, मिट्टी की सेहत सुधारना और किसानों की उत्पादन लागत को कम करना है।

इस अभियान को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत राज्यभर में क्लस्टर के आधार पर संचालित किया जाएगा। जिले को नैनो यूरिया को 482 हैक्टर एवं नैनो डीएपी के 337 हैक्टर में स्प्रे कराने के लक्ष्य प्राप्त हुए है।

सहायक निदेशक डा. धीरेन्द्र सिंह राठौड के अनुसार नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के खेतों में छिड़काव के लिए आधुनिक तकनीकों की प्राथमिकता दी जाएगी। किसान अपने स्तर पर ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयर, बैटरी ऑपरेटेड स्प्रेयर, नैपरीक स्पे या अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक की व्यवस्था कर सकेंगे। सरकार की और से लागत की कुल राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा सीधे अनुदान के रूप में देय होगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि का वहन स्वयं किसान को करना होगा। योजना के तहत प्रति हेक्टेयर लागत का निर्धारण भी वैज्ञानिक तरीके से किया गया है, नैनी यूरिया और डीएपी का स्प्रे फसलों में प्रति हेक्टेयर 2.5 बोतल नैनो खादों के एक छिड़काव की सिफारिश की गई है। नैनो यूरिया के उपयोग के लिए प्रति हेक्टेयर कुल लागत 2000 रुपए निर्धारित की गई है, जिस पर 1000 रुपए का अनुदान मिल जाएगा। वहीं, नैनो डीएपी के लिए प्रति हेक्टेयर कुल लागत 2900 रुपए तय की गई है, जिस पर किसानों को 1450 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि फसलों के वैज्ञानिक चक्र के अनुस्वार रबी में गेहूं, जौ, सरसों, चना, जीरा और खरीफ में बाजरा, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली दोनों प्रत्येक किसान के लिए प्रदर्शन क्षेत्र की सीमा 0.4 हेक्टेयर से लेकर अधिकतम 10 हेक्टेयर तक निर्धारित की गई है ताकि छोटे और सीमांत किसानों को इसका सर्वाधिक लाभ मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खेतों में किए जाने वाले छिड़काव कृषि पर्यवेक्षक और सहायक कृषि अधिकारी की निगरानी में होगा एवं भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान की राशि का भुगतान कृषकों के खाते में किया जायेगाा , योजना के तहत स्थानीय स्तर पर न्यूनतम 10 किसानों का एक प्रदर्शन क्लस्टर बनाया जाएगा।

# आसींद रोड़ शमशान घाट को मॉडल बनाने की पहल

## विश्रांति गृह व स्नानगृह का हुआ शिलान्यास, विधायक ने मिट्टी भराव, सड़क व हैंडपंप की घोषणा की

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** आसींद रोड स्थित सार्वजनिक शमशान घाट में शाहपुरा उपनगरीय विकास संस्थान के तत्वावधान में नगर पालिका द्वारा स्वीकृत 20 लाख 66 हजार रुपये की लागत से बनने वाले विश्रांति गृह एवं स्नानगृह का शिलान्यास समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा थे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की।

समारोह में विधायक डॉ. बैरवा ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व में शमशान घाट में विश्रांति गृह का निर्माण कराने वाले डॉ. कमलेश पाराशर का भी विधायक द्वारा सम्मान किया गया। पं. शिवचरण शर्मा ने पूजन संपादित कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि आसींद रोड का सार्वजनिक शमशान घाट शाहपुरा का आदर्श एवं मॉडल शमशान घाट बनाया जाएगा और इस दिशा में वे हरसंभव सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने नागरिकों से विकास संबंधी सुझाव देने का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रत्येक उपयोगी प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल की जाएगी।

इस दौरान विधायक ने शमशान घाट परिसर में मिट्टी भराव, सड़क निर्माण तथा हैंडपंप लगाने




की घोषणा करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा तैयार विकास योजना को आगे बढ़ाने में वे पूरी तरह साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि शमशान घाट जैसे सार्वजनिक स्थल को गरिमापूर्ण और सुविधायुक्त बनाने के लिए समाज और प्रशासन दोनों की सहभागिता आवश्यक है।

कार्यक्रम में संस्थान की ओर से सदस्य मूलचन्द पेसवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शमशान घाट के समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने परिसर में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के शीघ्र विकास पर जोर दिया, जिस पर विधायक ने सहमति व्यक्त की। संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

गीतकार सत्येंद्र मंडेला के संचालन में आयोजित समारोह में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, राममन्दिर के महंत सीताराम बाबा, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, वरिष्ठ नेता रामप्रसाद टांक तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में संस्थान अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने आभार व्यक्त करते हुए शमशान घाट के विकास कार्यों में जनसहयोग का आह्वान किया।

# अम्बेडकर गार्डन सावर में हाईमास्ट लाइट, रंगीन रोशनी एवं फव्वारा लगाने की मांग



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** अम्बेडकर संघर्ष समिति सावर ने अम्बेडकर गार्डन स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर हाईमास्ट लाइट, रंगीन सजावटी लाइट एवं फव्वारा सिस्टम स्थापित करवाने की मांग को लेकर सोमवार को कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव सावर को ज्ञापन सौंपा।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम पंवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि अम्बेडकर गार्डन क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं तथा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। ऐसे में प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक सूरजकरण मालावत, सेवानिवृत्त एएसआई दुर्गालाल सामरिया, रंगलाल आलोरिया, सत्यनारायण महावर, विनोद कुमार पंवार, बबलू सामरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समिति ने प्रशासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर अम्बेडकर गार्डन में हाईमास्ट लाइट, रंगीन लाइट एवं फव्वारा सिस्टम स्थापित करवाने की मांग की।



# हमारे अच्छे कर्मों से खुश होते हैं भगवान

भगवान माला और माल से राजी नहीं होते, बल्कि हमारे कर्मों से प्रसन्न होते हैं। गीता निष्काम कर्मों के द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताती है। श्रेष्ठ कर्मों को ही सच्ची भक्ति समझो। इसीलिए अपने कर्मों को ही पूजा बना लो। जिस प्रकार कमल के पत्ते पानी में रहते हुए भी जल को अपने ऊपर नहीं आने देते। ऐसे ही निष्काम कर्मयोगी संसार में रहते हुए भी कर्मों के बंधन तथा मोह में आसक्त नहीं होते है। गीता संसार को कर्मशील व पुरुषार्थी होने का संदेश देती है। वह हमारे मन में स्वार्थ, लोभ, अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम व परोपकार के कर्मों की भावना जागृत करती है। वह श्रेष्ठ कर्म करते हुए इहलोक तथा परलोक दोनों के लिए उन्नति करने के लिए प्रेरणा देती है। हे मनुष्यों, वर्तमान जीवन और जगत को कर्मों की सुगंध से भरते चलो। कर्त्तव्य व दायित्व को ईमानदारी व कुशलता से निभाओ। गीता कह रही है– योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात जो भी कर्म करो, उसको पूर्णता, निपुणता, सुन्दरता और कुशलता से करो। जो इस तरह से जीवन को जीता है, गीता के अनुसार वह इस जीवन व जगत को सफल कर लेता है और उसका अगला जन्म भी सुधर जाता है।

तन के श्रृंगार में ही जो समय गंवा देते हैं वह इस नाशवान संसार में भटक कर रह जाते हैं लेकिन जो मन का श्रृंगार कर उसमें बैठे परमात्मा की आराधना करते है वह संसार की मलिनता से बच जाते हैं, वस्तुतः दुर्गुणों से ही जीवन में मलिनता आती है। इनसे बचने का एकमात्र उपाय वेद शास्त्र और पुराणों का मंथन करना तथा सज्जनों की संगति है। अतः हमें अपने कर्मों पर ध्यान देते हुए जीवन जीना चाहिए।



मनुष्य पांच तत्त्वों से बना है। इन तत्त्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्त्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

# पूजा पाठ के अंत में हवन करने का क्या कारण है?

सृष्टि के सभी तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु व आकाश के विभिन्न संयोजनों से बने हैं। जगत का ही एक अंश होने के कारण मनुष्य भी इन्हीं पांच तत्त्वों से बना है। इन तत्त्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्त्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

हमारे ऋषि अग्नि की इस विशेषता से भली भांति परिचित थे और इसीलिए हवन और दूसरे सभी वैदिक कर्मों में अग्नि का विशेष महत्त्व होता है। हवन मात्र एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक योगी के लिए उन दिव्य शक्तियों से वार्तालाप का माध्यम है जो इस सृष्टि को चलाती हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे तत्त्व शुद्ध नहीं हैं जिनसे मनुष्य बना है। जिस प्रकार इस संसार में पृथ्वी, जल, वायु व आकाश प्रदूषित हो जाते हैं, उसी प्रकार से मानव शरीर में भी इन तत्त्वों का प्रदूषित होना संभव है। यह प्रदूषण मनुष्य को पतन अथवा विकृति की ओर धकेलता है। मनुष्य में इन तत्त्वों के प्रदूषण का पता लगाना अति सरल है। पृथ्वी तत्त्व के दूषित होने से व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठित पद और भव्य जीवन शैली जैसी सुविधाएं पाने की इच्छाएं बेलगाम होने लगती हैं।

जब जल तत्त्व दूषित होता है तो अप्राकृतिक काम इच्छा जागृत होने लगती है। वैदिक शास्त्र अपनी स्वाभाविक इच्छाओं का दमन करने के लिए नहीं कहता। अग्नि तत्त्व को दूषित नहीं किया जा सकता। योग और सनातन क्रिया की साधना से साधक अग्नि तत्त्व के अनुकूल स्तर बनाए रख सकता है। वायु तत्त्व यह निश्चित करता है कि हृदय व फ़ेफड़े ठीक से कार्य करें। इस तरह रक्त संचार प्रणाली और श्वास प्रणाली भी सही काम करती रहती है। अंत में दूषित आकाश तत्त्व के कारण थायरायड व पैराथायरायड ग्रंथियों के रोग और श्रवण शक्ति का क्षीण होना पाया जाता है। मात्र एक हवन में ही यह क्षमता होती है कि मनुष्य के सभी दोष समाप्त हो सकें।

# कैसे हनुमान जी आपका लॉकर सदा धन से भरा रखेंगे

जीवन की समस्त अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता होती है। कुछ लोग कम मेहनत करने पर भी अधिक धन संचित कर लेते हैं तो कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के उपरांत भी उनकी मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिल पाता। कई लोग ऐसे होते हैं जो कमाई तो अच्छी कर लेते हैं, लेकिन आगे के लिए कुछ बचा नहीं पाते। अगर धन का अगमान ठीक भी हो तो बढ़े हुए खर्च के कारण धन संबंधी परेशानी बनी रहती है। आप जब भी बैंक जाएं तो मन ही मन महालक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। ऐसा करने से बैंक में जमा पैसे पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी और उस पैसे में निरंतर बढ़ौतरी होती रहेगी।

ऊँ महालक्ष्म्यै नमः, ऊँ ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

निम्न पंक्तियों का प्रतिदिन जाप करने से हनुमान जी के साथ साथ यम, कुबेर एवं अन्य देवी-देवताओं की भी कृपा प्राप्त होगी। कुबेर देव की अनुकम्पा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा और सदा धन से भरा रहेगा।

जम कुबेर दिगपाल जहां ते। कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।

मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होने पर कुबेर जी अपना खजाना उनके भक्तों के लिए खोल देते हैं इसलिए मां लक्ष्मी के साथ साथ कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप घर में स्थापित करें। वास्तु शास्त्र के मतानुसार मां लक्ष्मी और कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप उत्तर दिशा की ओर स्थापित करें। इससे उत्तर दिशा सक्रिय होगी एवं धन आगमन में आने वाली समस्त बाधाओं का नाश होगा।



# इन महाविद्याओं से सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है

शिवपुराण के मतानुसार भगवान शिव शंकर के दस अवतारों में आदशक्ति मां दुर्गा समस्त अवतारों में उनके साथ अवतरित हुई थी। दस महाविद्यायों के नाम से जानी जानें वाली महामाया मां जगत् जननी दुर्गा के ये दस रूप तांत्रिकों एवं उपासकों की आराधना का अभिन्न अंग हैं। इन महाविद्याओं के माध्यम से उपासक को बहुत सी सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा एवं भगवान शिव शंकर के दस अवतार इस प्रकार हैं–

- भगवान शिव शंकर के महाकाल अवतार के समय देवी महाकाली के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के तारकेश्वर अवतार के समय देवी तारा के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भुवनेश अवतार के समय देवी भुवनेश्वरी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के षोडश अवतार के समय देवी षोडशी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भैरव अवतार के समय देवी जगदम्बा भैरवी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के छिन्नमस्तक अवतार के समय देवी छिन्नमस्ता के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के ध्रूमवान अवतार के समय धूमावती के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के बगलामुखी अवतार के समय देवी जगदम्बा बगलामुखी रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के मातंग अवतार के समय देवी मातंगी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के कमल अवतार के समय कमला के रूप में देवी उनके साथ अवतरित हुई।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विध्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विध्न नहीं होता है।



# ऐसे पाइए रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति का आशीर्वाद...

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समम्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विध्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विध्न नहीं होता है।

भगवान गणपति के अनेक अवतार हुए हैं। उनके सभी चरित्र अनन्त हैं। पदम पुराण के अनुसार एक बार पार्वती जी ने अपने शरीर के मैल से एक पुरूषाकृति बनाई जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगा जल में डाल दिया। गंगा जल में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गई। पार्वती जी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा देव समुदाय ने उन्हें गंगये कहकर सम्मान दिया और ब्रहमाजी ने उन्हें गणों का अधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया।

लिंग पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्कर्म में विध्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने तथास्तु कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया। समय आने पर गणेश जी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशुल तथा दूसरे में पाश था। देवताओं ने सुमन वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बारम्बार प्रणाम किया। भगवान शिव जी ने गणेश जी को दैत्यों के कार्यों में विध्न उपस्थित करके देवताओं और ब्रह्माणों का उपकार करने का आदेश दिया।

प्रजापति विश्वकर्मा की सिद्धि बुद्धि नामक दो कन्याएं गणेश जी की पत्नियां हैं। सिद्धि से क्षेम और बुद्धि से लाभ नामक शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। शास्त्रों और पुराणों में सिंह मयूर और मूषक को गणेश जी का वाहन बताया गया है। गणेश पुराण के क्रिड़ा खण्ड में उल्लेख है कि कृतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है। वे दस भुजाओं वाले, तेज स्वरूप तथा सब को वर देने वाले हैं और उनका नाम विनायक है। त्रेता में उनका वाहन मयूर है, वर्ण श्वेत है तथा तीनों लोकों में वे मयूरेश्वर नाम से विख्यात हैं और छ भुजाओं वाले हैं। द्वापर में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं। कलयुग में उनका धूम्रवर्ण है। वे घोड़े पर आरूड़ रहते हैं। उनके दो हाथ हैं तथा उनका नाम धूम्रकेतू है। मोदक प्रिय गणेश जी विद्या बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता तथा थोड़ी उपासना से प्रसन्न हो जाते हैं। उनके जप का मंत्र ओम गं गणपतेय नमः है।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com